

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 268

ग्वालियर, सोमवार, 22 नवम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

# आदिवासियों के बीच भाजपा के कार्यक्रम से कांग्रेस के कान खड़े, अब कांग्रेस भी साधेगी आदिवासियों को!

भोपाल, ब्यूरो।

मध्य प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस आदिवासियों के बीच पैठ बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती। इस सप्ताह भाजपा और कांग्रेस का कार्यक्रम खाका तैयार है। राज्य के आदिवासियों के लिए भाजाप आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करेगा, वहीं, कांग्रेस भी आदिवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक करने जा रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को मंडला में एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे और विपक्षी दल बुधवार को अपने आदिवासी विधायकों की बैठक बुलाएगा।

भाजपा मंडल अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी ने फोन पर पीटीआई को बताया कि सोमवार के कार्यक्रम में सीएम शिवराज सिंह चौहान आदिवासी राजा शंकर शाह और उनके बेटे रघुनाथ शाह की मूर्तियों को स्थापित करने के लिए कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। दोनों को पहले स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों ने तोपों से उड़ा दिया था।

उन्होंने कहा, ÷ सीएम शिवराज सिंह



चौहान गोंडवाना साम्राज्य की राजधानी राम नगर में आदिवासियों की एक विशाल रैली को भी संबोधित करेंगे। वे 15 नवंबर को आइकन बिरसा मुंडा की जयंती पर शुरू हुए सप्ताह भर चलने वाले जनजातीय गौरव दिवस का समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

उधर, कांग्रेस भी आदिवासियों के लिए बैठक करने जा रही है। एमपी कांग्रेस प्रवक्ता भूपेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ 24 नवंबर को पार्टी विधायकों के साथ बैठक करने जा रहे हैं। कांग्रेस विधायक डॉ. हीरालाल अलावा ने कहा, 'बैठक में हिस्सा लेने के लिए मैं बुधवार को भोपाल आ रहा हूं। राजनीतिक पर्यवेक्षकों के मुताबिक, बीजेपी मध्यप्रदेश में अपना आदिवासी आधार फिर से हासिल करने की कोशिश कर रही है जबकि कांग्रेस इसे बरकरार रखने की कोशिश कर रही है।

**दो साल में नहीं बन सकी 200 मीटर सड़क, भोपाल में अनोखा प्रदर्शन**

2011 की जनगणना के अनुसार, मध्य प्रदेश की 7.256 करोड़ आबादी में आदिवासियों की संख्या 1.53 करोड़ है यानि कुल आबादी का 21.08 प्रतिशत हिस्सा। 230 सदस्यीय विधानसभा में कुल 47 सीटें अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित हैं, जबकि अन्य 35 निर्वाचन क्षेत्रों में प्रत्येक में 50,000 से अधिक आदिवासी मतदाता हैं।

## राजस्थान में अशोक गहलोत की कैबिनेट पर प्रियंका गांधी की छाप

जयपुर, एजेंसी।

**राजस्थान में अशोक गहलोत की कैबिनेट पर प्रियंका गांधी की छाप, पहली बार तीन महिलाओं को मिली एंट्री**

राजस्थान में अशोक गहलोत सरकार की नई कैबिनेट में प्रियंका गांधी की छाप देखने को मिल रही है। पहली बार राजस्थान सरकार की कैबिनेट में तीन महिला विधायकों को एंट्री दी गई है। इसके अलावा 4 दलित नेताओं को भी कैबिनेट मंत्री बनाया गया है, जो पंजाब में दलित नेता चरणजीत सिंह चन्नी को सीएम बनाए जाने के बाद बड़ा फैसला है। माना जा रहा है कि कांग्रेस ने महिलाओं और दलितों को प्रतिनिधित्व देकर बड़ा संदेश देने का प्रयास किया है। दरअसल प्रियंका गांधी ने यूपी के विधानसभा चुनाव में महिलाओं को 40 फीसदी टिकट दिए जाने का ऐलान किया है। अब इसके बाद राजस्थान में 3 महिलाओं की एंट्री से माना जा रहा है कि इस कैबिनेट विस्तार में उनका दखल है।



यही नहीं खुद सीएम अशोक गहलोत के एक बयान से भी प्रियंका गांधी की भूमिका के बारे में समझा जा सकता है। कैबिनेट गठन को लेकर अशोक गहलोत ने कहा कि इस बारे में प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ही जानते हैं। अशोक गहलोत की ओर से प्रियंका गांधी का नाम सबसे पहले लिए जाने से साफ है कि उनका क्या रोल रहा है। बता दें कि सचिन पायलट और अशोक गहलोत के बीच विवाद निपटाने में प्रियंका गांधी की अहम भूमिका रही है। पिछले दिनों दिल्ली में उन्होंने सचिन पायलट और अशोक गहलोत से अलग-अलग मुलाकातें की थीं।

**इन महिलाओं को मिली है गहलोत कैबिनेट में एंट्री**

गहलोत सरकार में ममता भूपेश ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली है। उनका प्रमोशन हो रहा है। अभी तक ममता गहलोत सरकार में बतौर महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री शामिल थीं। वह दौसा जिले की सिकराय विधानसभा सीट से एमएलए हैं। उनके अलावा जाहिदा खान 15 नए मंत्रियों में दूसरा महिला नाम हैं। जाहिदा ने अंग्रेजी में शपथ ली। जाहिदा भरतपुर की कामा विधानसभा सीट से विधायक हैं। इससे पहले वह संसदीय सचिव रह चुकी हैं। जाहिदा यहां के बड़े नेता रहे तैयब हुसैन की बेटी हैं। शकुंतला रावत ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। शकुंतला रावत अलवर के बानसूर विधानसभा सीट से दो बार की विधायक हैं। वह महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय महासचिव रह चुकी हैं। महिला चेहरे के तौर पर शकुंतला को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है।




# चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सारंग ने अशोका गार्डन में किया सड़क डामरीकरण का भूमि-पूजन


### दिसंबर माह में होगा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन : मंत्री श्री सारंग

भोपाल। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने एकतापुरी अशोका गार्डन से भोपाल रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म-1 तक के स?क डामरीकरण का भूमि-पूजन किया। इस कार्य की लागत लगभग एक करोड़ रुपये है।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि आगामी दिसम्बर माह में उनके माता-पिता स्व. कैलाश प्रसून सारंग जी की स्मृति में नरेला विधानसभा में निःशुल्क



चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसमें देश के प्रसिद्ध चिकित्सा संस्थानों से डॉक्टर्स की टीम जाँच से लेकर परामर्श एवं निःशुल्क उपचार करेगी। शिविर में आने वाले मरीजों को निःशुल्क दवा भी उपलब्ध कराई जायेगी। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नेवरी मंदिर परिसर क्षेत्र के रहवासियों के लिये कैलाश प्रसून सारंग डायग्नोस्टिक सेंटर भी शुरू किया जाएगा। इसमें मरीजों की जाँचे सीजीएचएस दरों पर की जायेगी। सड़क नवीनीकरण कार्य से अशोका गार्डन के रहवासियों का आवागमन सुगम एवं सुव्यवस्थित होगा। इसको लेकर सभी रहवासियों ने मंत्री श्री सारंग का धन्यवाद किया।





## गाँव-गाँव में उपलब्ध कराई जायेगी कचरा गाड़ीः परिवहन मंत्री श्री राजपूत



भोपाल। राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा है कि स्वच्छता मिशन में कचरा उठाने के लिए विधानसभा क्षेत्र के हर गाँव में कचरा गाड़ी उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्री श्री राजपूत सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बटयावदा में कचरा गाड़ी के लोकार्पण अवसर पर बोल रहे थे।

परिवहन मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि ÷शहर यदि देश का चेहरा हैं तो गाँव हिन्दुस्तान की आत्मा है÷। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जब स्वच्छता मिशन प्रारंभ किया तो उनकी सोच शहरों तक ही सिमित नहीं थी बल्कि उनकी मंशा शहर के साथ हर गाँव को स्वच्छ और स्वस्थ्य रखने की थी। इसलिए शहरों की साफ-सफाई के साथ हर गाँव में भी सफाई को प्राथमिकता देनी चाहिए।



# निगम प्रशासन की लापरवाही से बाजारों में यातायात व्यवस्था बदहाल





**अतिक्रमणकारियों ने किया मुख्य सडक पर कब्जा, सार्वजनिक रास्तों को किया पूरी तरह जाम**

मुरैना। शहर के प्रमुख बाजारों में फैला जबरदस्त अतिक्रमण आमजन के लिए नासूर बन रहा है और नगर निगम प्रशासन मौन धारण किए हुए है। अतिक्रमणकारियों ने प्रत्येक बाजारों को अपनी चपेट में लेकर सार्वजनिक रास्तों को पूरी तरह जाम कर दिया है जिससे राहगीरों को निकलने में तमाम कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

शहर का ऐसा कोई बाजार व मार्ग नहीं है जहां कोई अतिक्रमण न हो। एमएस रोड, सदर बाजार, झण्डा चौक, सिकरवारी बाजार, तेलीपाड़ा, सर्राफा बाजार, पंसारी बाजार, मारकण्डेश्वर बाजार, स्टेशन रोड, छोटी बजरिया, शंकर बाजार, महादेव नाका, रुई मण्डी, महामाया मंदिर रोड, गोपीनाथ की पुलिया, गर्ल्स स्कूल रोड, वेयर हाउस रोड आदि पर जबरदस्त अतिक्रमण फैला हुआ है जिसे साफ कराने की फुर्सत प्रशासन व नगर निगम को नहीं है या यूं कहें कि दबंगों से लड़ने की क्षमता प्रशासन में नहीं है। सूत्रों के अनुसार बाजारों में अतिक्रमण करने वाले कहीं न कहीं किसी राजनैतिक दल के नेताओं से जुड़े हुए हैं तो कोई दबंगों से संबंध बनाए हुए है। अतिक्रमण विरोधी मुहिम पॉच वर्ष पूर्व कई बार चली लेकिन हर बार राजनीतिक हस्तक्षेप एवं प्रशासनिक कमजोरी के चलते यह मुहिम खानापूर्ति कर थम गई। ओवर ब्रिज चौराहे से लेकर झण्डा चौक के कॉर्नर तक सड़क के दोनों ओर दुकानदारों ने स्वयं कई फीट तक अतिक्रमण कर रखा है तो इसके बाद फुटपाथिए सड़क पर बैठ गए हैं और रही सही कसर डिवाइडर के दोनों ओर लगने वाले हाथ ठेलों ने पूरी कर दी है। शहर के इस प्रमुख बाजार को हाथ ठेले वालों एवं वाहन चालकों ने पार्किंग व हॉकर्स जोन में तब्दील कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले पाँच वर्ष से शहर में अतिक्रमण विरोधी मुहिम पूरी तरह ठप्प पड़ी हुई है न तो नगर निगम को शहर की सुध है और न ही प्रशासन को। प्रशासन स्तर पर हर तीन महीने में सड़क सुरक्षा निगरानी समिति की बैठक आयोजित होती है लेकिन वह भी अब जिला कलेक्टर को सुध आ जाए तो हो जाती है अन्यथा कोई ध्यान नहीं दिया जाता। पूर्व में दर्जनों बैठकें शहर विकास व सड़कों को लेकर हो चुकी हैं तथा इन बैठकों में अतिक्रमण हटाने सहित ठेलेवालों को हॉकर्स जोन में शिफ्ट करने एवं शहर विकास के लिए मुद्दों पर चर्चा तो होती है लेकिन कुछ देर की बैठक में स्वल्पाहार के बाद यह मुद्दे कागज की पोटली में बंद कर दिए जाते हैं।

**पूर्व की तरह बदहाल है लोहिया बाजार**

शहर के लोहिया बाजार की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। यहां लगभग 80 से 100 फुट चौड़ी सड़क व्यापारियों की हठधर्मिता के कारण सिकुड़कर 20 फुट की रह गई है। लोहे एवं मशीनरी का कारोबार करने वाले इस बाजार के व्यापारियों द्वारा एक ओर स्थाई अतिक्रमण कर रखा है तो वहीं सुबह से देर रात तक दुकानों के बाहर 30-30 फुट तक सड़कों पर बक्से, चद्दर, पाइप, ड्रम, सिंटेक्स की टंकी आदि को रखकर अतिक्रमण बदस्तूर जारी है। रही सही कसर ग्रामीण क्षेत्रों से ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर आने वाले ग्रामीण बीच सड़क पर वाहन रखकर पूरी कर देते हैं जिससे उक्त बाजार में लोगों का निकलना दूभर हो जाता है।

**वाहन पार्किंग बड़ी समस्या**

शहर के एमएस रोड, स्टेशन रोड, सदर बाजार स्थित बैंकों एवं कॉमर्शियल भवनों में कहीं भी वाहन पार्किंग की जगह नहीं है। जिस कारण बैंक व अशासकीय दफ्तरों में काम काज के लिए वाहनों से आने वाले लोग मुख्य मार्गों पर वाहनों को खड़ा कर कतार लगा देते हैं, जिससे रास्ते अवरुद्ध हो जाते हैं और कई बार लंबा जाम भी लग जाता है। इस ओर कई बार जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया है लेकिन आश्वासन के सिवाय कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# बाल सम्प्रेक्षण ग्रह से चार अपचारी बालक फरार

**संप्रेक्षण गृह के जिम्मेदार लोग बरत रहे लापरवाही, पूर्व में भी हो चुकी हैं घटनाएं**

मुरैना। सिटी कोतवाली के अंतर्गत नैनागढ़ रोड स्थित बाल संप्रेक्षण गृह (बच्चों की जेल) से चार किशोर शनिवार की सुबह भाग गए। बताया गया है कि संप्रेषण गृह का एक दरवाजा खुला रहने के कारण चार अपचारी किशोरों को भागने का मौका मिल गया। इस घटना के दूसरे दिन पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच करते हुए बालकों की तलाश में जुट गई।

बताया गया है कि शनिवार की दोपहर संप्रेक्षण गृह के चार किशोर अपचारी भाग गए हैं। संप्रेक्षण गृह में एसएएफ का 1-4 का गार्ड तैनात था, इसके अलावा नगर सैनिक का एक सुरक्षाकर्मी भी पदस्थ है। इतनी भारी सुरक्षा के बीच चार अपचारी किशोर भागने से वहां के जिम्मेदार लोगों में हड़कंप मच गया है। बताया गया है कि कोई दरवाजा खुला रह गया, जिससे चारों अपचारी निकले और एक सुरक्षा गार्ड को झांसा देते हुए मेन गेट से निकल कर भाग गए हैं। मुरैना बाल गृह से किशोर अपचारी भागने की यह पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी कई बार ऐसी घटनाएं हो चुकी है। बाल गृह के अधीक्षक द्वारा बताया गया है कि जो तीन अपचारी भागे है, इनमें से तीन भिंड जिले के हैं जो हत्या के प्रयास मैं बाल संप्रेषण गृह में बंद थे। इसके अलावा एक ग्वालियर क्षेत्र का एक अपचारी है जो चोरी का आरोपी बताया जा रहा है। इन चारों को दरवाजा खुला मिला तो पूरी प्लानिंग के साथ मिलकर भागे हैं। वहीं कोतवाली पुलिस टीम रविवार की सुबह संप्रेक्षण गृह पहुंची और पूछताछ में जुट गई है। इसमें अगर देखा जाए तो कहीं न कहीं सुरक्षा व्यवस्था की बडी चूक बतायी जा रही है।



# गांधी जी की गौरव गाथा कृति का विमोचन एवं कवि सम्मेलन संपन्न




कैलारस। अखिल भारतीय साहित्य परिषद इकाई कैलारस द्वारा गीता भवन कैलारस में रचनाकार रामदयाल गुप्ता सुजर्मा की पुस्तक गांधी की गौरव गाथा का विमोचन समारोह संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रांत अध्यक्ष अखिलेश शर्मा अखिल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शोभाराम मिश्रा बीएमओ कैलारस द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला महामंत्री रवि तोमर रजौधा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों द्वारा मां शारदे का पूजन अर्चन के साथ किया गया। इस अवसर पर अमरसिंह तोमर एवं सुभाष गुप्ता द्वारा अतिथियों एवं कवियों का शॉल और श्रीफल से सम्मान किया गया तत्पश्चात श्याम सुंदर शर्मा कैलारस ने कृति की समीक्षा प्रस्तुत की। कवि सम्मेलन का शुभारम्भ मां शारदे की वंदना विजयपुर से आये कवि मांगीलाल मरमिट के द्वारा किया गया। काव्य पाठ के क्रम में इज्जत कुरेशी कैलारस, महेश दुबे पहाड़गढ़, रामेश्वर तिवारी, छत्रपाल वर्मा, मावसिया गौड़, मोहन जिन्दगीं कैलारस, रमेश प्रजापति गुलपुरा आदि कवियों ने काव्यपाठ किया। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय साहित्य परिषद कैलारस के अध्यक्ष अमर सिंह तोमर के द्वारा किया गया। सहभोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# आज वृत्त एवं संभागीय मुख्यालयों पर आयोजित होंगे समाधान योजना शिविर

**घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को दिया जाएगा समाधान योजना का लाभ**

मुरैना। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वाल्यिर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को समाधान योजना का त्वरित लाभ पहुँचाने हेतु वृत्त एवं संभागीय मुख्यालयों पर आज 22 नवंबर को समाधान योजना शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविर में उपभोक्ताओं को समाधान योजना के बारे में बताया जाएगा साथ ही उपभोक्ताओं को योजना के विकल्पों का चयन, बकाया भुगतान के विकल्प, योजना में मिलने वाले लाभ आदि की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी तथा विकल्प चयन करने वाले उपभोक्ताओं का मौके पर ही बिल भुगतान लिया जाकर योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। कंपनी ने बताया है कि सोमवार को आयोजित होने वाले समाधान योजना शिविरों में मंत्री, क्षेत्रीय विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ने कहा है कि राज्य शासन के निर्णयानुसार कोरोना महामारी के दौरान एक किलोवाट तक के निम्न आय घरेलू उपभोक्ताओं की 31 अगस्त 2020 तक की आस्थगित की गई बकाया राशि के भुगतान में राहत देने के लिए लागू की गई ''समाधान योजना'' का पात्र उपभोक्ताओं को त्वरित लाभ दिया जाना सुनिश्चित किये जाने हेतु कंपनी द्वारा वृत्त एवं संभागीय मुख्यालयों पर शिविर आयोजित किये जा रहे हैं।

# अटल एक्सप्रेसवे जमीन अधिग्रहण के मुद्दे का कानून और लोकतांत्रिक तरीके से समाधान किया जाए: किसान सभा




कैलारस। भिण्ड, मुरैना और श्योपुर कलां से होकर निकलने वाले अटल एक्सप्रेसवे के अंतर्गत लिए जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। यह जमीन का अधिग्रहण कानून को ताक पर रखकर मनमर्जी से किया जा रहा है। इसका मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक तिवारी ने विरोध जाहिर करते हुए कहा है कि भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के प्रावधानों के अंतर्गत जमीन अधिग्रहण किया जाना चाहिए, जिसमें जमीन अधिग्रहण के बदले बाजार मूल्य से 3 गुना से 5 गुना तक जमीन देने का प्रावधान है। लेकिन प्रदेश सरकार जमीन के बदले दुगनी जमीन देने के नाम पर भूमि अधिग्रहण कर रही है।

मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा है कि जमीन अधिग्रहण के बाद किसानों को जमीन कहां मिलेगी, कैसी मिलेगी इसके बारे में कोई स्पष्ट नीति प्रदेश सरकार द्वारा नई बनाई गई है। इस मुद्दे का समाधान लोकतांत्रिक तरीके से और किसानों की सहमति से किया जाना चाहिए। इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण मुद्धा चंबल के बीहड़ में पीढ़ियों से जमीन को समतल बनाकर खेती कर रहे लगभग 40 हजार किसान परिवारों का है। जिनकी जमीन एक्सप्रेस वे में जा रही है। न तो उनका सर्वे किया जा रहा है ओर न हीं उनके लिए किसी तरह की कोई राहत या जमीन के बदले जमीन देने की योजना बनाई जा रही है। उपरोक्त परिवार एक्सप्रेस वे बनने से विस्थापित होकर बेरोजगार हो जाएंगे। उनके सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो जाएगा। ऐसे में क्षेत्र में सामाजिक संतुलन बिगड़ेगा और भुखमरी की समस्या निर्मित होगी। इस स्थिति को भी प्रदेश सरकार को देखना चाहिए और काबिज किसानों का कब्जा इंद्राज कर, उन्हें अन्यंत्र जमीन के पट्टे दिए जाने चाहिए। इस मामले में मध्य प्रदेश किसान सभा ने पुरजोर तरीके से यह मांग उठाई है।

# जिला आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी भीम सिंह तोमर को नोटिस



मुरैना। कलेक्टर मुरैना के प्रतिवेदन के आधार पर चंबल संभाग के कमिश्नर आशीष सक्सेना को अवगत कराया कि 18 अक्टूबर को टीएल बैठक के दौरान बाजरा उपार्जन के संबंध में समीक्षा की गई थी। समीक्षा के दौरान जिला आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी भीम सिंह तोमर बाजरा सत्यापन का डाटा प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर चंबल संभाग के कमिश्नर आशीष सक्सेना ने भीम सिंह तोमर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

नोटिस में उन्होंने बताया कि बाजरा उपार्जन के लिये जिले के 37 हजार 828 किसानों ने पंजीयन कराये थे, जिसमें 91 हजार 635 हेक्टेयर रकबा बताया गया था। शासन के निर्देशानुसार बाजरा फसल का सत्यापन 22 अक्टूबर तक होना था, किंतु जिला आपूर्ति नियंत्रक द्वारा इस कार्य में लापरवाही बरती गई है। इस संबंध में भीम सिंह तोमर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। इसका जबाव 3 दिवस के अंदर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है। समय-सीमा में जबाव प्रस्तुत न करने पर यह मान लिया जायेगा कि कुछ नहीं कहना चाहते है। उसके बाद तोमर के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

# धर्म ध्वजा फहराने के साथ ही अंबाह नगर में हुई श्री पंचकल्याणक महोत्सव आरम्भ

**- 23 नवंबर को नरेश जैन परिवार द्वारा की जाएगी हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा**

अम्बाह। सकल दिगबर जैन समाज अंबाह के तत्वाधान में एवं आचार्य विन्रम सागर जी महाराज के परम सान्निध्य में 21 से 27 नवंबर तक आयोजित होने वाले श्री आदिनाथ जिनबिंब एवं भव्य मानस्तभ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव व विश्वशांति महायज्ञ का शुभारंभ रविवार को घटयात्रा व ध्वजारोहण के साथ हुआ। कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन एडवोकेट ने बताया कि आज सोमवार 22 नवंबर को भगवान आदिनाथ का गर्भ कल्याणक मनाया जाएगा। इसी क्रम में कल 23 नवंबर को जन्म कल्याणक का आयोजन होगा, जिसमें नगर के नरेश जैन काका परिवार द्वारा भगवान आदिनाथ के जन्म पर हेलीकॉप्टर से नगर भर में पुष्प वर्षा की जाएगी।

मुरैना रोड स्थित श्री दिगंबर जैन महावीर जिनालय से महिलाओं ने अपने सिर पर कलश धारण कर घटयात्रा निकाली। यह घटयात्रा शाही लाव लश्कर के साथ रवाना हुई, जिसमें ऐरावत हाथी पर बैठकर सौ धर्म इंद्र बने सुदीप कुमार एवं श्रीमती रश्मि जैन गुरुग्राम दिल्ली निकले, शोभायात्रा में पंचकल्याणक महोत्सव के पात्र बने सभी इन्द्र-इन्द्राणियां, प्रति इन्द्र, अष्ट कुमारियो, 56 कुमारियों का जगह-जगह समाज के लोगों द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। घटयात्रा बाजार का भ्रमण कर समारोह स्थल जैन बगीची प्रांगण में पहुंची। जहां आचार्य विन्रम सागर महाराज के ससंघ मौजूदगी में प्रतिष्ठाचार्य पंडित वर्धमान शौर्या टीकमगढ मध्यप्रदेश की देखरेख में मंत्रोच्चारण के साथ ध्वजारोहणकर्ता रामेश्वर दयाल अरविंद कुमार जैन के परिवार की ओर से ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद मण्डप का उद्घाटन पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जिनेश जैन एवं महेंद्र कुमार जैन के परिवार की ओर से किया गया भूमि शुद्धि, द्वीप प्रज्जवलन, इन्द्र एवं मंडप प्रतिष्ठा के साथ पंचकल्याणक महोत्सव का शुभारंभ हुआ।



इस अवसर पर धर्मसभा को सबोधित करते हुए आचार्य विन्रम सागर जी महाराज ने कहा कि पत्थर की मूर्ति में परमात्मा का वास करवाना ही पंचकल्याणक महोत्सव है। जैन धर्म के तीर्थंकरों के पांच कल्याणक होते है। गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान व मोक्ष इन पांच कल्याणकों से एक पाषाण की मूर्ति मे परमात्मा का वास होता है।

# स्वच्छता में ग्वालियर शहर को अव्वल दर्जा दिलाने पुख्ता रणनीति बनाएँ : श्री सिलावट

### प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की संयुक्त बैठक में की विकास कार्यों और महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की समीक्षा

ग्वालियर। स्वच्छता में ग्वालियर को अव्वल शहर बनाने के लिये पुख्ता रणनीति बनाएँ। साथ ही जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी, स्वयंसेवी, विद्यार्थी व व्यवसाइयों सहित समाज के सभी लोगों को भागीदार बनाकर शहर में स्वच्छता को जन आंदोलन का रूप दें। इस आशय के निर्देश जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री जुलसीराम सिलावट ने दिए। श्री सिलावट ने रविवार को जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर ग्वालियर शहर के विकास कार्यों, जल जीवन मिशन, कोरोना टीकाकरण अभियान और डेंगू नियंत्रण कार्यक्रम सहित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा की।

यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह, सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव, पूर्व मंत्री श्रीमती इमरती देवी, भाजपा जिला अध्यक्ष शहर श्री कमल माखीजानी व ग्रामीण श्री कौशल शर्मा, पूर्व विधायक श्री रमेश अग्रवाल, श्री मदन कुशवाह व श्री मुन्नालाल गोयल तथा सर्वश्री मोहन सिंह राठौर, वीरेन्द्र जैन व बज्जर सिंह गुर्जर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। साथ ही कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल व सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती जयति सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे।

**स्वच्छता को लेकर इंदौर और ग्वालियर की संयुक्त बैठक होगी**

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने स्वच्छता में देश भर में प्रथम स्थान पर आए इंदौर शहर में लागू की गई सफाई व्यवस्था की खूबियों को समझने के लिये जल्द ही इंदौर व ग्वालियर के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक आयोजित करने के लिये भी कहा। यह बैठक जल्द ही इंदौर में होगी।

**शहर की सड़कों की मरम्मत और नई सड़कों का काम युद्ध स्तर पर हो**

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने बैठक में जोर देकर कहा कि अमृत के तहत शहर में डाली गईं पेयजल व सीवर लाइनों से खराब हुईं स?कों की मरम्मत युद्ध स्तर पर कराएँ। साथ ही जहां जरूरी हो वहां नई स?कें भी बनाई जाएं। उन्होंने कहा नई स?कों के निर्माण लिये शासन स्तर से धनराशि दिलाई जायेगी। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल ने बैठक में जानकारी दी कि शहर में स?कों की मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। शेष स?कों की मरम्मत का काम जल्द पूरा होगा। साथ ही शहर की 94 किलोमीटर स?कें बनाने के प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि अमृत की पाइप लाइन डालने की वजह से शहर की जो स?कें बहुत ज्यादा क्षतिग्रस्त हुई हैं, उनके स्थान पर नई स?कें बनाई जायेंगीं।



**जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल से मिले पानी**

जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने निर्देश दिए कि गाँवों में नल-जल योजनाओं को इस प्रकार से मूर्तरूप दें, जिससे प्रत्येक ग्राम पंचायत के सभी गली-मोहल्लों और मजरे-टोलों के हर घर में नल से पानी उपलब्ध हो। उन्होंने युद्ध स्तर पर जल जीवन मिशन की नल-जल योजनाओं को पूरी करने पर जोर दिया। साथ ही निर्देश दिए कि हर तीन माह में जनप्रतिनिधियों और आपदा प्रबंधन समिति के सदस्यों की मौजूदगी में जिला स्तर पर और हर माह जनपद पंचायत स्तर पर बैठक आयोजित कर जनप्रतिनिधियों के सुझाव लें, जिससे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप गाँवों में भी शहरों की तर्ज पर पेयजल की आपूर्ति हो सके।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि हर गाँव में पानी की उपलब्धता की तकनीकी रिपोर्ट को आधार मानकर उचित स्थान पर पेयजल टंकियां बनाई जाएं, जिससे टंकी से हर घर तक पाइप लाईन के जरिए पानी पहुँच सके। पूर्व मंत्री श्रीमती इमरती देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के सुझाव पर प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने पीएचई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि किसी ग्राम पंचायत से जु? गाँवों व मजरे-टोलों की दूरी अधिक हो तो अतिरिक्त पेयजल स्त्रोत स्थापित करने का प्रबंध अवश्य करें।

बैठक में बताया गया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले के 452 ग्रामों में नल-जल योजना स्थापित करने के लिये डीपीआर तैयार हो चुकी है, जिनमें से 192 ग्राम की नल-जल योजनायें स्वीकृत होकर 160 नल-जल योजनाओं की निविदायें जारी कर दी गई हैं। इनमें से 146 गाँवों की नल-जल योजनाओं का काम जारी है। दो गाँवों की नल-जल योजनायें पूरी हो चुकी हैं और 16 नल-जल योजनाओं का काम अंतिम चरण में है।

**अमृत-2 के तहत छ: ग्रामीण वार्डों और सात केन्टोनमेंट वार्डों में होगा काम**

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में जानकारी दी गई कि अमृत के द्वितीय चरण की जल्द ही मंजूरी मिलने जा रही है। जिसके तहत शहर में शामिल हुए 6 ग्रामीण वार्डों और केन्टोनमेंट क्षेत्र के सभी 7 वार्डों में पेयजल और सीवर की लाइनें डाली जायेंगीं।

**शहर के विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ होगी बैठक**

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि ग्वालियर शहर के लंबित विकास कार्यों को मंजूरी दिलाने के सिलसिले में जल्द ही भोपाल में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के साथ जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की बैठक आयोजित की जायेगी।

**जन आंदोलन बनाकर कराएँ सभी का टीकाकरण**

बैठक में प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने विशेष जोर देकर कहा कि कोरोना के खात्मे के लिये टीकाकरण अभियान को जन आंदोलन का रूप दें। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि वे विशेष रूचि लेकर महती भूमिका निभायें। श्री सिलावट ने कहा कि प्रयास ऐसे हों कि जिले के शेष लगभग 6 लाख लोगों को जल्द से जल्द द्वितीय डोज के टीके लग जाएँ।

**30 दिन के भीतर कराएँ नामांतरण, बंटवारा व सीमांकन प्रकरणों का निराकरण**

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह को निर्देश दिए कि जिले की सभी तहसीलों में अगले 30 दिन के भीतर शेष नामांतरण, बंटवारा व सीमांकन प्रकरणों का निराकरण कराएँ। राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है, इसलिये इस काम में कोई ि?लाई न हो। उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणों का निराकरण संभव न हो तो उसका स्पष्ट कारण बताया जाए।

**पात्रता पर्चियाँ दिलाने के लिये जनपद पंचायतों में भी बनाएं विशेष सैल**

सरकार की मंशा के अनुरूप सभी पात्र परिवारों को जल्द से जल्द खाद्यान्न की पात्रता पर्ची मुहैया कराने के लिये प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने जिले की चारों जनपद पंचायतों में कलेक्ट्रेट की तर्ज पर विशेष सैल गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस सैल में जिम्मेदार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए, जिससे पात्र परिवारों को पर्चियां मिलने में देरी न हो। श्री सिलावट ने कहा कि पात्रता पर्ची धारियों को निश्शुल्क खाद्यान्न मिलने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

**गाँवों की बड़ी गौशालाओं में भेजी जायेंगीं शहर की गायें**

ग्वालियर शहर की गौशालाओं से दबाव कम करने के लिये ग्रामीण अंचल में स्थित ब?ी गौशालाओं में शहर की लगभग सा? तीन हजार गायें भेजी जायेंगीं। इसके लिये नगर निगम दो ब?ी गौशालाओं को 100 ङ्क 100 क्विंटल भूसा मुहैया करायेगा। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने निर्देश दिए कि इस बात का खास ध्यान रखें कि निराश्रित गायों का प्रबंधन भी हो जाए और ग्रामीणों की फसलों का नुकसान न हो। जिन ग्रामीण गौशालाओं में शहर से गायें भेजी जा रही हैं वहाँ पुख्ता प्रबंध किए जाएं।

**स्वच्छता के लिये शहर को मिले अवार्ड सौंपे**

स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में ग्वालियर शहर को गार्वेज फ्री थ्री स्टार अवार्ड और सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज में गोल्ड मैडल मिला है। प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट एवं अन्य जनप्रतिनिधियो को बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल ने यह अवार्ड सौंपे।

## माँ, बहन, बहु, बेटी भाजपा ने मंहगी कर दी सब्जी रोटी: रूचि गुप्ता

ग्वालियर 21 नवंबर। अ.भा. कांग्रेस कमेटी के आदेश एवं मप्र कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा के निर्देश पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रूचि गुप्ता के नेतृत्व में आज वीरंगना लक्ष्मीबाई स्मारक से मंहगाई, बेरोजगारी, उद्योगो में मंदी लानी वाली भाजपा सरकार के खिलाफ पदयात्रा प्रारंभ हुई जो फूलबाग, अंबेडकर पार्क, गुरूद्वारा रोड, मोती तबेला, नदी गेट, शिंदे की छावनी होती हुई, कांग्रेस भवन शिंदे की छावनी पर पर समाप्त हुई।

पदयात्रा को संबोधित करते हुए महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रूचि गुप्ता ने कहा कि मंहगाई जिस दौर से गुजर रही है उसमें रसोई गैस एक हजार की होने से महिलांओ के घर का बजट ग?ब?ा गया है, घरो में चुल्हा है, लक?ी, कंडा महंगा है चुल्हा जल नही पा रहा है, मिट्टी का तेल मिल नही रहा है इसलिए स्टोव पर खाना बन नही पा रहा है, सब्जीयां मंहगाई की और ब? रही है, आज मां. बहन, बहु, बेटी भाजपा में सब्जी रोटी मंहगी करके गरीब वर्ग को खाने को मोहताज कर दिया है। गैस सिलेंडर की अर्थी निकालकर मोदी की मंहगाई को बेनकाब किया।

पदयात्रा में कार्यवाहक अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल, वीर सिंह तौमर, सरमन राय, राजू राय, ब्लॉक अध्यक्ष विनोदी जेन, संतोश शर्मा, अशोक सिकरवार, विष्णूकांत शर्मा, चेतन भार्गव, गीता गुप्ता, सुनीता तोमर, मिली सक्सेना, निधि शर्मा, रानू शर्मा, मनोरमा चौहान, अविनाश गुप्ता, नाजिम खान, रामबाबू कुशवाह, अविनाश शर्मा, मनोज किरार, दाताराम कुशवाह, संतोश कुश्वाह, अमर सिंह कुशवाह, चंदन कुशवाह, रचना कुशवाह, हेमलता कुशवाह, नसरीन खान, संध्या बाथम, शशी मंडेलिया, अनीता पाल, गुंजा जाटव, रेनू पर्शिया, नीतू जाटव, हेमलता प्रजापति, राजकुमारी सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## निगम अमले ने सागर ताल पर चलाया विशेष स्वच्छता अभियान, निगमायुक्त ने निरीक्षण कर दिए सागर ताल क्षेत्र को विकसित करने के निर्देश

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा प्रति रविवार को चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान के तहत आज सागर ताल पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जलाशय एवं उसके आसपास साफ-सफाई कर गाजर घास भी कटाई गई। इसके साथ ही सागर ताल ताल के आसपास भी स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की गई। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने स्वच्छता अभियान का निरीक्षण कर क्षेत्र को साफ व स्वच्छ बनाने एवं पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाने के निर्देश दिए।

नोडल अधिकारी श्री शिशिर श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर निगम के अमले द्वारा प्रत्येक रविवार को शहर के एक जलाशय पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है इसके तहत आज सागर ताल के जलाशय एवं आसपास के क्षेत्रों में निगम के अमले द्वारा विभिन्न संसाधनों के साथ साफ सफाई की तथा गाजर घास कटवाई गई। गत रविवार को कटोरा ताल पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया था।

आज सागर ताल पर चलाए गए विशेष स्वच्छता अभियान के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को देखा तथा इस क्षेत्र को और अधिक सुंदर, साफ व स्वच्छ बनाने के साथ ही पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री श्री जागेश श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी श्री शिशिर श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं अन्य अमला उपस्थित रहा।



## 22 नवंबर को वृत्त एवं संभागीय मुख्यालयों पर आयोजित होंगे समाधान योजना शिविर

### निम्न आय घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को दिया जाएगा समाधान योजना का लाभ

ग्वालियर। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को समाधान योजना का त्वरित लाभ पहुँचाने के लिए वृत्त एवं संभागीय मुख्यालयों पर 22 नवंबर को समाधान योजना के शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविर में उपभोक्ताओं को समाधान योजना के बारे में बताया जाएगा। साथ ही उपभोक्ताओं को योजना के विकल्पों का चयन, बकाया भुगतान के विकल्प, योजना में मिलने वाले लाभ आदि की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी तथा विकल्प चयन करने वाले उपभोक्ताओं का मौके पर ही बिल लिया जाकर योजना का लाभ दिया जाएगा। कंपनी ने बताया है कि सोमवार को आयोजित होने वाले समाधान योजना शिविरों में मंत्री, क्षेत्रीय विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री गणेश शंकर मिश्रा ने कहा है कि राज्य शासन के निर्णयानुसार कोरोना महामारी के दौरान एक किलोवाट तक के निम्न आय घरेलू उपभोक्ताओं की 31 अगस्त 2020 तक की आस्थगित की गई बकाया राशि के भुगतान में राहत देने के लिए लागू की गई ''समाधान योजना'' का पात्र उपभोक्ताओं को त्वरित लाभ दिया जाना सुनिश्चित किये जाने हेतु कंपनी द्वारा वृत्त एवं संभागीय मुख्यालयों पर शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इस संबंध में कंपनी के सभी मैदानी अधिकारियों को शिविर आयोजित करने एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को बिल उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

गौरतलब है कि राज्य शासन ने कोरोना महामारी के दौरान निम्न आय घरेलू उपभोक्ताओं को बिल भुगतान करने में आ रही कठिनाईयों को देखते हुए उन्हें बिल भुगतान करने में राहत देने के उद्देश्य से ''समाधान योजना÷ लागू की है। योजना में आस्थगित राशि के भुगतान हेतु दो विकल्प उपलब्ध कराये गये हैं। पहले विकल्प में आस्थगित मूल राशि का 60 प्रतिशत एक मुश्त भुगतान करने पर 100 प्रतिशत अधिभार की राशि और शेष 40 प्रतिशत मूल बकाया राशि माफ की जाएगी। दूसरे विकल्प के रूप में आस्थगित मूल राशि का 75 प्रतिशत, 6 समान मासिक किश्त में भुगतान करने पर 100 प्रतिशत अधिभार की राशि एवं शेष 25 प्रतिशत मूल बकाया राशि माफ की जाएगी। एक किलोवाट भार तक के निम्न आय घरेलू बिजली उपभोक्ता अंतिम तिथि 15 दिसम्बर 2021 तक योजना का लाभ ले सकते हैं।

## सराफा कारोबारी ने दूसरे कारोबारी से 1 किलो 100 ग्राम सोना

ग्वालियर । ग्वालियर में आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए व्यापारी ने सोने के 1 किलो 100 ग्राम के पुश्तैनी गहने साथी सराफा कारोबारी को बेचे। 2 साल पहले कारोबारी ने 25 लाख रुपए में गहने खरीदे। पांच दिन में पैसे देने की बात कही। उसके बाद वह टालने लगा। घटना नवंबर 2019 थाटीपुर की है। इसके बाद कोविड और फिर अन्य बहाने बनाता रहा। इसके बाद पीड़ित ने कुछ समय पहले थाने में शिकायत की। घबराकर कारोबारी ने पंजाब नेशनल बैंक का 8 नवंबर का चेक थमा दिया। जब व्यापारी ने चेक बैंक में लगाया तो पता लगा कि यह अकाउंट तो बंद हो चुका है। इसके बाद थाना में शिकायत की।उपनगर मुरार के गंगामाई संतर निवासी वैंणीशंकर शर्मा पुत्र मिट्ठु लाल शर्मा कारोबारी हैं। नवंबर 2019 में उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी। उन्होंने घर के पुश्तैनी गहने व सोना करीब 1 किलो 100 ग्राम सोना थाटीपुर के विवेकानंद चौराहे स्थित सुंदरम ज्वेलर्स के यहां बेचा था। सुंदरम ज्वेलर्स के संचालक लक्ष्मी नारायण स्वर्णकार ने सोने का वजन करने के बाद टांका काटकर 25 लाख 08 हजार 500 रुपए में सोना खरीदना तय किया। सौदा तय होने के बाद सराफा कारोबारी ने सोना अपने पास रखकर उन्हें 5 से 10 दिन का समय दिया था। उसके बाद वह चक्कर लगाते रहे, लेकिन पेमेंट देने के नाम पर दो-चार दिन की कहकर कारोबारी टालता रहा। इस बीच, मार्च 2020 से लेकर जुलाई 2021 का समय कोविड के संकट में निकले। सराफा कारोबारी ने हालात का बहाना बना दिया। काफी समय बीतने पर भी कारोबारी ने रुपए नहीं दिए, तो पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की, तो आरोपी ने उन्हें पंजाब नेशनल बैंक का चेक 8 नवंबर 2021 की डेट का थमा दिया।

### बंद खाते का चेक दिया था

जब सराफा कारोबारी ने पंजाब नेशनल बैंक का चेक दिया, तो वैंणीशंकर को लगा कि चलो अब तो उनका पैसा मिल जाएगा। जब पीड़ित ने चेक बैंक में लगाया, तो वह बाउंस हो गया। पड़ताल की तो पता चला कि लक्ष्मीनारायण स्वर्णकार ने जो चेक उन्हें दिया था, वह खाता तो काफी समय से बंद था। ठगी का शिकार कारोबारी थाने पहुंचा। पुलिस ने जांच के बाद केस दर्ज कर लिया है।

### पिता के इलाज के नाम कोचिंग संचालक को लगाया चूना

दूसरा मामला थाटीपुर के सुरेश नगर का रहने वाला निरवेन्द्र कदम पुत्र वृंदावन कदम का है।निरवेंद्र की मयूर मार्केट में पॉइंट ऑफ एजुकेशन नाम से कोचिंग है। वर्ष 2017 में उनके मित्र मुकेश कुमाार जिझोतियाने पिता की बीमारी की कहकर उनसे 2 लाख 20 हजार रुपए उधार लिए थे। इसके बाद काफी समय बीत गया, तो उन्होंने अपने रुपए वापस मांगे इस पर मुकेश ने दो चेक उन्हें थमा दिए।जब उन्होंने चेक बैंक में लगाए तो बाउंस हो गए। चेक बाउंस होते ही वह मुकेश के पास पहुंचे। वह आजकल की कहकर टरकाता रहा। जब उसने दबाव बनाया, तो घर खाली कर चला गया। मुकेश के घर खाली कर जाने का पता चलते ही कोचिंग संचालक ने थाटीपुर थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना

मामले में एपीएस क्राइम राजेश डंडौतिया का कहना है कि व्यवसायी की शिकायत पर सराफा कारोबारी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। सराफा कारोबारी की तलाश शुरू कर दी है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# सत्य साईं बाबा के 96 वे अवतरण (जन्मदिवस) दिवस पर रक्तदान शिविर पुनीत कार्य एस सतीश कुमार जिलाधीश

महेन्द्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे

भिंड। 21 नवंबर 2021 को भगवान श्री सत्य साईं बाबा के जन्मदिवस पर पूरे भारतवर्ष में एक साथ एक ही दिनांक में श्री सत्य साईं सेवा संगठन द्वारा रक्तदान कार्यक्रम रखे गए जिसमें जिला चिकित्सालय भिंड में सत्य साईं बाबा की चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन जिलाधीश एस सतीश कुमार मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी अजीत मिश्रा सिविल सर्जन डॉ अनिल गोयल डॉ आर एस राजोरिया नितेश अमित जैन ने किया इस अवसर पर रक्तदान दाता और सत्य साईं सेवा समिति की नवजीवन रक्तदान संस्था के सदस्यों को संबोधित करते हुए एस सतीश कुमार ने कहा कि सत्य साईं सेवा संगठन द्वारा रक्त की कमी को देखते हुए रक्तदान शिविर लगवाना बहुत ही पुनीत सेवा कार्य है



हमें रक्तदान जरूर करना चाहिए डॉ मिश्रा जी ने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति वर्ष में 3 बार रक्तदान कर सकता है ब्लड की पूर्ति 72 घंटों में पूरी हो जाती है वह कई लोगों को जीवन दान मिल जाता है क्योंकि रक्त कहीं कारखानों में नहीं बनाया जा सकता रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से आकाश शर्मा कुमारी प्रिया पंकज नीरज अग्रवाल अरुण अग्रवाल श्रीमती शोभा सिकरवार अनीता कौशल उमा केशव सिकंदर विनोद दीक्षित एडवोकेट आदि प्रमुख रूप से थे कार्यक्रम में सहयोग करने वालों में प्रमुख रूप से राम मोहन अग्रवाल बबलू सिंधी पिंकू शर्मा जे पी अग्रवाल आर वी एस यादव गणेश भारद्वाज महेश बोहरेआदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# महामहीम राज्यपाल के हाथों प्राप्त हुई राजकुमार देशलहरा को PhD की उपाधी

महेन्द्र शर्मा,

रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर में आयोजित हुए सप्तम दीक्षांत समारोह में मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल द्वारा डॉ.राजकुमार देशलहरा को पीएचडी फ्रूट साइंस मे डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई इस मौके पर प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल एवं भारत सिंह कुशवाह मंत्री उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, कुलपति डॉ. एस.के. राव मुख्य रूप से उपस्थित थे !डॉ.देशलहरा ने यह शोध उन्होंने विभिन्न रसायनों पादप विकास नियामक एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों का कागजी लाइन की विक्रम वैरायटी पर वृद्धि विकास एवं उत्पादन पर पड़ने वाले प्रभाव पर किया था इस शोध कार्य को डॉ.करणवीर सिंह , प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ.राजेश लेखी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया पीएचडी फ्रूट साइंस की डिग्री उन्होंने 72त्न अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में प्राप्त की डॉ. राजकुमार देशलहरा वर्तमान में युवा कांग्रेस भिंड के जिला अध्यक्ष हैं उन्होंने बताया की जिंदगी में कभी भी हार नहीं माननी चाहिए सफलता का प्रयास अगर पूरे मन से किया जाए तो असंभव कार्य भी संभव हो जाता है डॉ. देशलहरा ने आपने इस डिग्री का श्रेय ईश्वर और अपने माता-पिता( श्रीमती मीना देशलहरा एवं श्री बी.एस देशलहरा पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी) व गुरुजनों के आशीर्वाद को देते हैं साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया एवं उन्होंने अपने कालेज के समस्त सहयोगीयों एवं सहपाठियों का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने उन्हें उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



# जब हौसला बना लिया ऊंची उड़ान का,फिर देखना फिजूल है कद आसमान का-शिवानी गुप्ता

## शिवानी गुप्ता बनी चैंपियन,मिस एशिया 2021 में मिला दूसरा स्थान

दिल्ली
(उपसम्पादक अर्पित गुप्ता पुष्पांजली टुडे)

देश की बेटियों को जितना सलाम किया जाए उतना ही कम है।क्योंकि आज कल आसमान हो या जमीन बेटियां हर जगह अपना परचम फहरा रही हैं।दिल्ली में आयोजित मिस एशिया 2021 में अपना हुनर दिखाने वाली मिस शिवानी गुप्ता ने दूसरी पोजीशन पर अपनी जगह बनाई है।दरअसल हम बात कर रहे हैं खूबसूरत दिखने वाली शिवानी गुप्ता की।दिल्ली में आयोजित मिस एशिया 2021 में अपना हुनर दिखाने वाली मिस शिवानी गुप्ता ने दूसरी पोजीशन पर अपनी जगह बनाई है।अपनी बॉडी बिल्डिंग से सबको प्रेरित करने वाली मिस एशिया शिवानी गुप्ता ने यह खिताब अपनी काबिलियत और खूबी से जीता है।शिवानी गुप्ता ने वरिष्ठ पत्रकार व लेखक अर्पित गुप्ता से हुई बातचीत के दौरान बताया कि वह इस उपलब्धि से बहुत खुश हैं साथ ही उनके परिवार वाले उन पर गर्व महसूस करते हैं।हालांकि शिवानी गुप्ता का यहां तक का सफर आसान नहीं था।उन्होंने काफी उतार-च?ाव अपनी ि?न्दगी में देखे हैं।

## प्रदेश,देश के पेंशन संघो से आव्हान एक साथ मिलकर संयुक्त रूप करे आंदोलन

# टाइटल-कृषि कानून और एन.पी.एस.एक समान अब सरकार न्यू पेंशन स्कीम भी बंद करें : जनक सिंह रावत

शिवपुरी-- पुरानी पेंशन संघ न्यू मूवमेंट ?ॉर ओल्ड पेंशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत ने गत दिवस बैठक मैं कहा कि एन.पी.एस.और कृषि कानून दोनों एक समान हैं क्योंकि दोनों को केंद्र सरकार ने केंद्र का विषय मानकर संसद में कानून बनाकर लागू कर दिया था जबकि संविधान के अनुसार दोनों राज्य सूची के विषय हैं इस पर कानून बनाने का अधिकार राज्यों को था वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा राज्यों के विषयों पर केंद्र के विषय मानकर संसद के दोनों सदनों पास करवा दिए जिसका देश के अंदर जमकर विरोध हुआ कृषि कानून वापस हुएद्य

दूसरी तरफ इससे पहले पूर्व की केन्द्र सरकार ने 22 दिसम्बर 2003 को अध्यादेश लाकर 1 जनबरी 2004 से होने बाली भर्ती पर एन पी एस लागू कर दी लेकिन संसद मैं यह बिल पास कराने मैं 8 साल लग गए यह बिल लोकसभा मैं पेंशन फण्ड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट ऑथोरिटी बिल 2011 मैं पारित हुआ पेंशन बिल इतना अच्छा था फिर इसको पास कराने मैं 8 साल क्यों लगे इस तरह



कर्मचारियों पर न्यू पेंशन स्कीम लागू कर दी कर्मचारियों की पेंशन को निजीकरण की गोद में दे दिया इससे कर्मचारियों को बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है न्यू पेंशन स्कीम में कर्मचारी के वेतन से10त्न राशि अंशदानऔर 14त्न राशि सरकार द्वारा अंशदान कर कंपनी को दी जाती है दिसंबर 2020 तक कर्मचारियों एवं सरकार द्वारा जमा की गई कुल राशि 5.34 लाख करोड़ कंपनी के पास है,जो किसी भी राज्य के वजट से अधिक है कंपनी द्वारा उस पैसे को अपने हिसाब से शेयर मार्केट सहित अन्य फंडों में लगा देता है जिसके रिटर्न की निश्चित गारंटी नहीं है पेंशन भी निश्चित नहीं है न्यूनतम पेंशन का भी प्रावधान नहीं है यह कर्मचारियों के साथ अन्याय है जब कर्मचारी सरकारी सेवा करता है उसको पेंशन सरकार द्वारा दी जाना चाहिए लेकिन सेवा सरकार की करने के बाद पेंशन एक प्राइवेट कंपनी देगी न्यू पेंशन स्कीम कर्मचारियों के लिए काले कानून के समान हैं संगठन माननीय प्रधानमंत्री महोदय से आग्रह करता है देश के 70 लाख से अधिक कर्मचारियों के भविष्य और हितों को देखते हुए न्यू पेंशन स्कीम को बंद करके पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू की जाए अन्यथा हम देश के सभी कर्मचारी संगठन संयुक्त रुप से पुरानी पेंशन के लिए एक बड़ा आंदोलन करेंगे और इसको जन जन का आंदोलन बनाएंगे पेंशन नहीं तो वोट नहीं की आवाज को देश के कोने कोने तक पहुंचाएंगेन्यू पेंशन स्कीम कर्मचारियों के साथ धोखा है जब पेंशन संविधान के अनुसार राज्य का विषय था केंद्र सरकार ने केंद्र का विषय मानकर संसद मैं कानून बना कर कर्मचारियों पर थोप दिया और पेंशन को प्राइवेट हाथो मैं सौप दिया यह कर्मचारियों के लिए काला कानून है इसे बंद किया जाय।

**जनक सिंह रावत राष्टीय संयोजक**
**न्यू मूवमेंट फॉर**
**ओल्ड पेंशन संघ भारत**



## स्वच्छता के क्षेत्र में देश-प्रदेश का प्रेरणा स्रोत बना इंदौर: वीडी

**भोपाल।** इंदौर और 'स्वच्छता' एक-दूसरे के पर्याय बन गए हैं। स्वच्छता में लगातार अपना परचम लहराने वाला यह शहर देश और प्रदेश के अन्य शहरों के लिए प्रेरणा स्रोत और पथ प्रदर्शक बन गया है। इंदौर का लगातार पांचवी बार सबसे स्वच्छ शहर चुना जाना प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व का विषय है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने इंदौर के एक बार फिर देश का सबसे स्वच्छ शहर चुना जाने तथा शहर की सफाईकर्मी इंदिराबाई को सफाई मित्र अवार्ड मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कही। शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश के 10 लाख से अधिक आबादी की श्रेणी में देश के 20 टॉप शहरों में मध्यप्रदेश के चार शहर का शामिल होना भी प्रदेश की बडी उपलब्धि है। शर्मा ने कहा कि इंदौर के स्वच्छता में फिर सिरमौर बनने पर मैं मुख्यमंत्री चौहान, नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेन्द्र सिंह, इंदौर के नागरिकों, अधिकारियों, सफाईकर्मियों और प्रदेशवासियों को बधाई देता हूं।

# केवल अग्रवाल ने ए पॉजिटिव ब्लड डोनेट किया एक जरूरत मंद महिला को



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

शिवपुरी।जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी के सदस्य केवल अग्रवाल जो कि कभी भी आधी रात को या दिन को कभी भी बुला लो जरूरत मंद केस पर ब्लड के लिए कभी मना नही करते है ऐसे में ही रात में 1 बजे कॉल किया गया था ओर बोला गया था कि एक जरूरत मंद महिला को ब्लड की बहुत ही जरूरत है तो केवल अग्रवाल ने कौई ठंड नही देखी बो सीदे अपने घर से चल दिये ब्लड डोनेट करने रात्रि में 2 बजे ऐसे सच्चे रक्तबीर केबल अग्रवाल जी बहुत बहुत धन्यवाद आभार व्यक्त करती है जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी रक्तदान महादान यह देता है दूसरों को नया जीवनदान।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार की मंशा विदिशा एजुकेशन हब बने

## अब निर्माण और विकास कार्यो को गति देने सभी जिलों में जाऊँगा - मुख्यमंत्री श्री चौहान

## कन्या महाविद्यालय के निर्माण कार्यो का लिया जायजा

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारा प्रयास है कि विदिशा आइडियल जिले के साथ एजुकेशन हब के रूप में भी अपनी पहचान बनाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास और निर्माण कार्यो को गति देने के लिए लगातार जिलों का दौरें करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रविवार को विदिशा में शासकीय कन्या महाविद्यालय में लगभग सा? आठ करो? रूपये की लागत से निर्माणाधीन साइंस ब्लाक के कक्षों और कन्या छात्रावास के कार्यो का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्माण ऐजेन्सियों के अधिकारियों को सभी निर्माण कार्य मार्च 2022 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोरोना के कारण कार्यों में देरी हुई है। लेकिन विदिशा में कार्य की गति संतोषजनक है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विदिशा में अभियांत्रिकी कॉलेज पूर्व से है, मेडिकल कॉलेज के अलावा अन्य कोर्सेज में भी लगातार नए संस्थान बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि विदिशा एजुकेशन हब के रूप में पहचान बनाता है तो सरकार इस दिशा में सभी तरह की मदद करेंगी।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्माण कार्यो की गुणवत्ता को उत्कृष्ट बनाने के लिए निर्माण स्थल पर मटेरियल लेब भी बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टर को निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। बीडीए के सीईओ श्री बुद्धेश वैद्य ने मुख्यमंत्री को निर्माण कार्य के बारे में जानकारी दी।

### रुद्राक्ष का पौधा रोपा

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शासकीय कन्या अग्रणी महाविद्यालय के गार्डन परिसर में रूद्राक्ष का पौधा भी रोपा। विधायक श्री उमाकांत शर्मा, श्रीमती लीना जैन, श्रीमती राजश्री सिंह एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री तोरण सिंह दांगी सहित अधिकारी मौजूद रहें।

### बाढ़ वाले गणेश मंदिर में पूजा अर्चना

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान के साथ बेतवा नदी के तट पर स्थित श्री बाढ़ वाले गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री श्री चौहन ने मंदिर के विस्तारीकरण कार्यो का भूमि-पूजन भी किया। उन्होंने निर्देश दिए कि मंदिर के समीप निर्माणाधीन ब्रिज के कारण मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी भी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो।

# आजादी की अमृत महोत्सव के उद्घाटन समारोह में महारानी लक्ष्मी बाई एवं अवंती बाई की शौर्य यात्रा निकाली गई

राकेश परिहार

पीटीवी न्यूज़ पिछोर ,9691338626

पिछोर, अनु विभाग के अंतर्गत आने वाली ग्राम भोंती में आजादी के अमृत महोत्सव के उद्घाटन समारोह में आज सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भोंति द्वारा विद्यालय में मातृ गोष्ठी एवं नगर में महारानी लक्ष्मी बाई एवं अवंती बाई की शौर्य यात्रा निकाली गई जिसमें भारी तादाद में लोग एकत्रित हुए और कार्यक्रम को सफल बनाया जिसमें दूरदराज से आए हुए लोगों ने कार्यक्रम में शामिल रहे जिसमें भोती से मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे शिवपुरी विभाग के समन्यव चंद्र हंस पाठक



जी एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुनीता पांडे दीदी बालिका शिक्षा की प्रमुख एवं विद्यालय के प्रधान विवेक भट्ट विद्यालय के व्यवस्थापक विवेक जी कंथारिया पिछोर विधानसभा भाजपा प्रत्याशी पीतम सिंह लोधी एवं समस्त विद्यालय परिवार एवं संघ के कार्यकर्ता गण मुख्य रूप से कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और उपस्थित रहे महारानी लक्ष्मी बाई की शौर्य यात्रा बड़े ही धूमधाम से निकाली गई जिसमें लोगों में काफी कुछ उत्साह देखने को मिला एवं आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम भी मनाया गया जिसमें शिक्षकों से लेकर सभी ने अपना अपना योगदान प्रदान किया इस कार्यक्रम में सफलता पूर्वक सभी लोग एकाग्र होकर कार्यक्रम को सफल बनाया

# स्वामी तेजानंद महाराज ने रायपुर परगना समिती अध्यक्ष उर्जाराम सेंणचा से की शिष्टाचार भेट

**पुष्पाजंली टुडे**

पाली। रायपुर तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द ने तारीख 20/11/2021 शाम को सीरवी समाज रायपुर परगना समिति के अध्यक्ष ऊर्जाराम सेंणचा से उनके पिपलीया कला निवास पर समाज के बारे में विस्तार से चर्चा की गई ।स्वामी तेजानंद महाराज ने उर्जाराम सेंणचा को समाज में अच्छा कार्य करने के लिए धन्यवाद वह आर्शीवाद दिया।इस अवसर पर चर्चा में स्वामी तेजानन्द के साथ दुधारामज सीरवी ,ढगलाराम सीरवी, समाज सेवी बाबुलाल चोयल आदि मौजूद थे



# नुसरत ने फिल्म 'छोरी' के लिए पहना प्रेग्नेंट बॉडी सूट



*अभिनेत्री नुसरत भरुचा छोरी के साथ दर्शकों को रोमांच से भरे सफ़र पर ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म का टीज़र हाल ही में रिलीज़ किया गया था जहाँ हमें उन्हें एक गर्भवती महिला की भूमिका निभाते हुए एक बिल्कुल नए अवतार में देखने मिला। नुसरत ने फिल्म की शूटिंग से काफी पहले प्रेग्नेंट बॉडी सूट पहनना शुरू कर दिया था।*

हॉरर फिल्म छोरी में मां के रूप में नजर आने वाली नुसरत ने फिल्म की शूटिंग शुरू करने से 25 दिन पहले प्रेग्नेंट बॉडी सूट पहनने का फैसला किया था। अभिनेत्री ने एक गर्भवती महिला के करैक्टर में ढलने और सेट पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने का फैसला किया। अपने फैसले पर विचार साझा करते हुए नुसरत ने कहा, चूंकि मैं अभी असल जिंदगी में इतनी जल्दी गर्भवती नहीं होने वाली हूं, मैंने उनसे बॉडीसूट बनवाया था ताकि यह महसूस कर सकूं कि बच्चे को जन्म देने वाली महिलाएं किस स्थिति से गुज़रती हैं। मैंने इसे फिल्म की शूटिंग शुरू होने से 20-25 दिन पहले पहन लिया था और खाने, सोने, बाथरूम जाने, घूमने-फिरने और इसके साथ आने वाले प्रतिबंधों को समझने के लिए मैंने अपने सभी काम ईमानदारी से किए। मुझे गर्भावस्था से जुड़ी हर चीज को सेल्फ-लर्न करने में सक्षम होने के लिए खुद को इसमें पूरी तरह से शामिल करना था और फिर उन्हें एक अधिक रियलिस्टिक पहलू के साथ सेट पर लाना था जिससे जनता जुड़ सके। हालांकि, यह मेरे लिए कोई प्रॉप नहीं था, बल्कि मेरा एक हिस्सा था, मुझे इसकी इतनी आदत हो गई थी कि जब शूटिंग शुरू हुई, तो मुझे बॉडी सूट में रिहर्सल के बीच आराम करते हुए अधिक कंफर्टेबल महसूस हुआ।

प्रेग्नेंसी के मॉडर्न अस्पेक्टस पर अपने विचार साझा करते हुए, नुसरत ने यह भी कहा, चूंकि हमने एक बहुत ही रियलिस्टिक सिनेमा का रुख कर लिया है, इसलिए हमें दर्शकों को हर चीज चम्मच से खिलाने की जरूरत नहीं है। यह इतना सूक्ष्म और अचेतन होना चाहिए कि एक लेवल पर दर्शक यह मानने के लिए आश्वस्त हों कि आप वास्तव में पारंपरिक क्रियाओं के माध्यम से उन्हें बताए बिना गर्भवती हैं। सोते समय या बाथरूम में जाते समय या मिड-स्क्वाट्स करते समय बॉडी सूट के साथ एडजस्ट करना थोड़ा मुश्किल होता है, लेकिन सबसे अहम बात हर महिला की गर्भावस्था अलग होती है और कभी-कभी इसे अपने साथ कैरी करना मुश्किल होता है। नुसरत को साक्षी के रूप में और शहर से एक सुनसान गांव तक के उनके सफर को देखने के लिए प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं, जहां वह पैरानॉर्मल चीजों को अनुभव करती हैं। नुसरत ने पहले कभी नहीं देखे गए इस अवतार के साथ अपनी बहुमुखी प्रतिभा दिखाई है जो निश्चित रूप से दर्शकों को उनकी सीट से बांधकर रखेगी। विशाल फुरिया द्वारा निर्देशित और टी-सीरीज़, क्रिप्ट टीवी और अबुदंतिया एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, छोरी 26 नवंबर 2021 में दुनिया भर के 240 देशों और क्षेत्रों में प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करने के लिए तैयार है।

## अनोखी भूमिका में नज़र आएगी रकुल प्रीत




जब से रॉनी स्क्रूवाला के आरएसवीपी ने रकुल प्रीत सिंह द्वारा कंडोम टेस्टर की भूमिका निभाने वाले अपने प्रोजेक्ट की घोषणा की है, इसने दर्शकों के बीच बहुत उत्सुकता बढ़ा दी है। सोशल फैमिली एंटरटेनर छत्रीवाली में रकुल पहले कभी नहीं देखे गए अनोखे करैक्टर में नज़र आएगी जिसकी हाल ही में लखनऊ में शूटिंग शुरू हो गयी है। नौकरी के लिए बेताब, छोटे शहर करनाल में एक महिला बेरोजगार केमिस्ट्री ग्रेजुएट एक सीक्रेट कंडोम टेस्टर बन जाती है, एक ऐसा रहस्य जिसे उसे अपने आस-पास के सभी लोगों से छिपाना है। छत्रीवाली एक विचित्र ड्रामा है और प्रोडक्शन हाउस की एक अन्य नई हाई-कॉन्सेप्ट फिल्म है जो दर्शकों के लिए पाथ-ब्रेकिंग विषयों को लाने के लिए जाना जाता है। निर्देशक तेजस देवस्कर ने साझा किया, फ्हमारी फिल्म एक सोशल फैमिली एंटरटेनर है, जिसका उद्देश्य कंडोम के उपयोग को कलंकित करना है और हम वास्तव में उत्साहित हैं कि फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। रकुल अपनी हर भूमिका में ताजगी लाती हैं और इस तरह के संवेदनशील, विचारोत्तेजक विषय के साथ, दर्शक निश्चित रूप से कॉमेडी की रोलर-कोस्टर सवारी का आनंद लेंगे। अपने उत्साह को साझा करते हुए रकुल प्रीत सिंह कहती हैं, यह काफी दिलचस्प और हटके विषय है और मैं अपने किरदार का सफ़र शुरू करने को लेकर बहुत रोमांचित हूं। कुछ मुद्दों को हल्के-फुल्के तरीके से उजागर करना महत्वपूर्ण है और इस बात ने मुझे काफी उत्साहित किया है।

## आमिर की फिल्म लाल सिंह चड्ढा में वीएफएक्स का हुआ इस्तेमाल



जब से बॉलिवुड स्टार आमिर खान की आने वाली फिल्म लाल सिंह चड्ढा की घोषणा हुई है तभी से यह सुर्खियों में रही है। यह फिल्म लंबे समय से बन रही है और आमिर के फैन्स इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन अब माना जा रहा है कि फैन्स का यह इंतजार और लंबा होने जा रहा है। खबर है कि इस साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली इस फिल्म को अगले साल के लिए टाल दिया गया है। एक रिपोर्ट की मानें तो अब यह फिल्म अगले साल 14 अप्रैल 2022 के दिन रिलीज हो सकती है। लाल सिंह चड्ढा में आमिर खान की उम्र और लुक में बदलाव के लिए भारी-भरकम वीएफएक्स का इस्तेमाल किया गया है। इसके चलते इसके पोस्ट प्रॉडक्शन में सामान्य से ज्यादा समय लगने वाला है। इसे देखते हुए क्रिसमस के मौके पर इसकी रिलीज को टाल दिया गया है। अब अगर ऐसा होता है तो बॉक्स ऑफिस पर लाल सिंह चड्ढा का क्लैश केजीएफ 2 से होने वाला है जिसके पहले पार्ट को साउथ ही नहीं बल्कि हिंदी ऑडियंस ने भी काफी पसंद किया गया था। अगर इस क्लैश को आमिर की टीम रोकना चाहती है तो वह 28 अप्रैल 2022 को ईद के मौके पर भी लाल सिंह चड्ढा को रिलीज कर सकती है। कहा जा रहा है कि इस दिन के लिए भी आमिर खान अपने दोस्त साजिद नाडियाडवाला और अजय देवगन से उनकी फिल्म हीरोपंती 2 और मेडे की रिलीज की तारीख पर बातचीत कर रहे हैं। फिलहाल यह फिल्म शायद अब क्रिसमस या 11 फरवरी 2022 के मौके पर रिलीज नहीं होगी। अद्वैत चंदन के डायरेक्शन में बनने वाली लाल सिंह चड्ढा में आमिर खान के साथ करीना कपूर और नागा चैतन्य मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। नागा चैतन्य इस फिल्म से हिंदी फिल्मों में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। यह फिल्म 1994 में आई ऑस्कर विनिंग हॉलिवुड फिल्म फॉरेस्ट गम्प का हिंदी अडैप्टेशन है जिसमें लीड रोल टॉम हैंक्स ने निभाया था।

## फिल्म सिंगल मदर से बॉलीवुड में उतरेंगे विशाल और परिभाषा



फीचर फिल्म डिलीवर्ड सिंगल मदर की कहानी पर आधारित है। यह विशाल सिंह और परिभाषा मिश्रा अभिनीत पहली फीचर फिल्म है। फिल्म के निर्देशक ने कहा कि मैं डिलीवर्ड की घोषणा करने के लिए बहुत उत्साहित हूं क्योंकि यह मेरी पहली फीचर फिल्म होगी। कहानियां एक दम ताजा हैं और आपको प्रासंगिक महसूस करा सकती हैं। गोइला ने कहा कि यह न केवल उनके सामने आने वाली चुनौतियों को चित्रित करेगा बल्कि मातृत्व पर आधुनिक और अलग रूप को भी अपनाएगा। हमारे पास इस पर युवा और शानदार कलाकारों और क्रू का एक समूह है। सभी बहुत उत्साहित है।अभिनेता विशाल सिंह ने कहा कि जब उन्होंने पहली बार कहानी सुनी तो उन्हें पूरी तरह से प्यार हो गया। अभिनेत्री परिभाषा मिश्रा ने कहा कि कुछ फिल्मों ने एकल माताओं की अनूठी यात्रा को प्रकाश में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आगे कहा कि मैं इस फिल्म के विचार और अवधारणा के साथ बहुत अधिक प्रतिध्वनित हूं। मैं खुद अक्सर सिंगल मदर बनने के बारे में सोचती हूं। मैं उन कहानियों और फिल्मों में विश्वास करती हूं जो प्रेरक हैं। डिलीवर्ड अपने आप में अद्वितीय है। सिंगल मदर का सफर किसी सपने के सच होने जैसा है। फिल्मेरा द्वारा निर्मित यह फिल्म 2022 में रिलीज होने वाली है।विशाल ने कहा कि डिलीवर्ड सभी सिंगल मॉम्स के लिए एक श्रद्धांजलि होगी। इसके लिए और इंतजार नहीं कर सकता।

## गोविंदा का नया गाना टिप टिप पानी बरसा हुआ रिलीज



90 के दशक में अपने हास्य और नृत्य कौशल से दिलों पर राज करने वाले गोविंदा अब दर्शकों तक पहुंचने के दूसरे रास्ते भी तलाश रहे हैं। अभिनेता ने हाल ही में अपना नया गाना टिप टिप पानी बरसा अपने यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया, जिसे गोविंदा रॉयल्स के नाम से जाना जाता है। अपने प्रशंसकों तक पहुंचने के लिए अभिनेता ने डिजिटल छलांग लगाई है। गाने में उनकी स्क्रीन उपस्थिति के अलावा उनकी आवाज भी है। मंडे मॉर्निंग ब्लूज के साथ यह गीत क्लासिक गोविंदा शैली की एक स्वस्थ खुराक के साथ उनके प्रशंसकों को पुरानी यादों में ले जाता है। हाल ही में रिलीज हुए गाने पर उत्साहित गोविंदा ने कहा कि मैंने यह सुनिश्चित किया है कि मैं अपने प्रशंसकों का मनोरंजन अलग अंदाज में करूंगा। फैंस ने मुझे हर बार अपने प्यार और आशीर्वाद से गदगद किया है। वैश्विक व्यवधान ने ऑनलाइन दर्शकों की संख्या को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है और मेरा मानना है कि यह सबसे अच्छा तरीका है उन तक पहुंचने का। अभिनेता ने पिछले महीने द कपिल शर्मा शो में गाने का जिक्र किया था और दर्शकों से वादा किया था कि वह जल्द ही इसे लॉन्च करेंगे।

## फिल्म पुष्पा द राइज का नया पोस्टर आया सामने, अभिनेत्री अनसुया भारद्वाज का दिखा दमदार अंदाज



अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म पुष्पा : द राइज पार्ट 1 बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है। जहां फिल्म की चर्चा जोरों सोरों है, वहीं आज फिल्म का एक नया दमदार पोस्टर जारी कर दिया गया है। यह पोस्टर अभिनेत्री अनसुया भारद्वाज का है, जो देखने में बहुत ही रोमांचक लग रहा है। अभिनेत्री अनसुया ने खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने लुक को रिवील किया है। छोटे बालों, साड़ी पहने और माथे पर बड़ी सी बिंदी लगाएं अनसुया इंटेंस लुक देते नजर आ रहीं हैं। इस फिल्म में अनसुया दक्षायिनी का किरदार निभा रहीं हैं। इस मोस्ट अवेटेड फिल्म में अनसुया के साथ अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल भी मुख्य किरदारों में नजर आएंगे। पुष्पा द राइज पार्ट 1 तेलुगु एक्शन थ्रिलर फिल्म है जिसे सुकुमार ने लिखा और डायरेक्ट किया है। फिल्म को नवीन येमेनी और मैथरी मूवी मेकर्स के वाय रविशंकर ने मुत्तमसेट्टी मीडिया के साथ एसोसिएट होकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म दो पार्ट में रिलीज़ होगी। इसका पहला पार्ट आंध्र प्रदेश के रायलसीमा रीजन के शेषाचलम पहाड़ो में रेड सैंडर्स स्मगलिंग पर आधारित है। फिल्म का पहला पार्ट 17 दिसंबर 2021 को रिलीज होगा और दूसरा पार्ट 2022 में रिलीज होगा। फिल्म तेलुगु में रिलीज़ होगी और साथ साथ मलयालम, हिंदी, तमिल और कन्नड़ में भी फिल्म की डबिंग की जाएगी।

## पार्टनर की तलाश में लारा दत्ता, वेब सीरीज हिक्कप्स और हुकअप्स का ट्रेलर रिलीज



अभिनेत्री लारा दत्ता पिछले काफी समय से अपनी नई वेब सीरीज हिक्कप्स और हुकअप्स को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें उनका एक अलग ही अंदाज देखने को मिलने वाला है। लंबे समय से यह वेब सीरीज लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। अब एक बार फिर यह सुर्खियों में है, क्योंकि इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लारा दत्ता ने सोशल मीडिया पर ट्रेलर रिलीज होने की जानकारी दी है। इसमें एक ऐसे परिवार की कहानी दिखाई गई है, जो यह समझता है कि परिवार में एक-दूसरे से हर एक टॉपिक पर बात करनी चाहिए। इसमें लारा 39 साल की वसुधा नाम की एक महिला का किरदार निभा रही हैं, जो सिंगल मदर है और अपनी जिंदगी में काफी अकेली है, लेकिन वसुधा का भाई प्रतीक बब्बर उर्फ अखिल उसकी जिंदगी में नए रंग लेकर आता है।

ट्रेलर की शुरुआत वसुधा (लारा) की डेटिंग प्रोफाइल से होती है, जो अपने लिए एक पार्टनर की तलाश में है। अखिल अपनी बहन की प्रोफाइल बनाने की जिम्मेदारी लेता है। वह खुद को डेटिंग गेम्स और रिलेशनशिप का माहिर खिलाड़ी समझता है। वसुधा की बेटी डेटिंग के मामले में अनुभवी है, जो अपनी मां के सामने किसी भी लड़के के साथ रोमांस करना गलत नहीं मानती। ये तीनों अपनी-अपनी लव लाइफ को लेकर अलग-अलग परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं।

निर्देशक कुणाल कोहली ने कहा, इस बात पर जोर देना जरूरी है कि परिवार हर तरह के होते हैं, जैसे हर तरह के रिश्ते होते हैं। हम अक्सर अपने माता-पिता से विभिन्न मुद्दों पर बात करने से बचते हैं। उन्होंने कहा, इस सीरीज में परिवार के सदस्य हर चीज के बारे में बात करते हैं और सच कहूं तो ये एक ईमानदर और मॉडर्न फैमिली है, जो ब्रेकफास्ट टेबल पर रोजमर्रा से लेकर सेक्स जैसे मुद्दों पर बात करती है। हिक्कप्स और हुकअप्स का निर्देशन कुणाल कोहली ने किया है। यह सीरीज लॉयंसगेट प्ले पर रिलीज होगी। इसमें लारा और प्रतीक बब्बर के अलावा दिव्या सेठ, नासर अब्दुल्ला, खालिद सिद्दीकी, मेयांग चांग, मीरा चोपड़ा और अयन जोया भी हैं। यह 26 नवंबर को रिलीज होगी। लारा वेब सीरीज हंड्रेड में भी काम कर चुकी हैं। पिछली बार उन्हें अक्षय कुमार के साथ फिल्म बेल बॉटम में देखा गया था। इसमें लारा काफी हद तक इंदिरा गांधी जैसी ही लगीं। उन्होंने दिवंगत प्रधानमंत्री की भूमिका अच्छे से निभाई। अपने हाव भाव और अभिनय से वह दर्शकों को प्रभावित करने में कामयाब रहीं।

## ब्लर के सेट पर आंखों पर पट्टी बांधकर रहीं तापसी

नेशनल आइकॉन और बहुमुखी प्रतिभा तापसी पन्नू अपनी बैक-टू-बैक हिट फिल्मों से खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। रश्मि रॉकेट में अपने प्रदर्शन से प्रशंसकों से प्यार बटोरने के बाद, तापसी की आने वाली मनोवैज्ञानिक थ्रिलर %ब्लर% ने अधिक प्रत्याशित कर दिया है। वह अपनी आने वाली फिल्म की शूटिंग जोरों से कर रही हैं और अब उन्होंने ब्लर में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है।



तापसी ने अपने किरदार में ढलने के लिए 12 घंटे तक आंखों पर पट्टी बांधी, जिससे सेट पर हर कोई उनकी तारीफ कर रहा था। एक सूत्र ने खुलासा किया, ÷तापसी अपने किरदार की भावनाओं को महसूस करने के लिए दृढ़ थी। उन्होंने 12 घंटे आंखों पर पट्टी बांधकर रहने का फैसला किया। सुबह 7 बजे से उन्होंने अपनी आंखों पर कॉटन का पट्टा बांधा और उसी हालत में अपनी सारी दिनचर्या को अंजाम दिया जिसमें आंखों पर पट्टी हटाए बिना फोन कॉल का जवाब देना, खाना, फिल्म के क्रू, कास्ट और टीम से बात करना इत्यादि शामिल है। तापसी आज की पीढ़ी की एक सच्ची अभिनेत्री के रूप में खुद को सफलतापूर्वक स्थापित करने वाली सबसे युवा स्टार में से एक हैं। दर्शक तापसी पन्नू को एक और अनुकरणीय ऑन-स्क्रीन प्रदर्शन के साथ वापसी करता देखने के लिए उत्साहित हैं। जब से पोस्टर रिलीज़ हुई हैं दर्शक इस दिलचस्प कहानी को लेकर उत्साहित हैं। ब्लर को एक दिलचस्प सामाजिक संदर्भ के साथ एक पावर-पैक एंटरटेनर माना जा रहा है।

न्यूज़ ट्रेक....

## चेस स्पर्धा में प्रदेश के नन्हे खिलाड़ी माधवेन्द्र का धमाकेदार प्रदर्शन



**इन्दौर** । प्रदेश के उभरते हुए नन्हे खिलाड़ी 8 वर्षीय माधवेन्द्र प्रताप शर्मा ने एमरल्ड स्कूल में खेली जा रही डॉ. अजितकुमार सिंह कासलीवाल तथा श्रीमती सुनिता सिंह स्मृति ऑल इंडिया ओपन फिडे रेपिड रेटिंग चेस स्पर्धा में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। ऑल इन्दौर चेस एसोसिएशन की मेजबानी में आयोजित इस स्पर्धा के पांचवें चक्र में भोपाल के माधवेन्द्र प्रताप ने शीर्ष वरीयता प्राप्त तथा इंटरनेशनल मास्टर दिनेश शर्मा को ड्रॉ के लिए विवश कर दिया और संयुक्त रूप से 6 चक्रों की समाप्ति के बाद तीसरे क्रम पर पंहुच कर खिताब के लिए दावेदारी कर रहे है। माधवेन्द्र का प्रदर्शन इसलिए भी सराहनीय है क्योंकि इसके पहले 5 चक्रों में भी उन्होंने कई सीनियर खिलाड़ियों को मात देकर 4 जीत दर्ज की थी। इसके पूर्व दिनेश शर्मा को एक और उलटफेर का शिकार होना पड़ा था। पांचवें चक्र में गुजरात के दसवीं वरीयता प्राप्त कर्तव्य अनादकत के हाथों शिकस्त का सामना करना पड़ा था। खिताब के दावेदार दिनेश अब एक ड्रॉ और एक हार के बाद 20वें स्थान पर खिसक गए है। 6 चक्रों की समाप्ति के बाद ग्रेंड मास्टर लक्ष्मण आर.आर. 6 में से 6 जीत दर्ज कर 6 अंक लेकर एकल ब?त लेकर शीर्ष स्थान पर पंहुच गए है। छत्तीसगढ़ के स्पर्श खण्डेलवाल, उत्तरप्रदेश के हरीश शर्मा, इंटरनेशनल मास्टर हिमाल गुसेन 5.5 अंक लेकर संयुक्त रूप से दूसरे क्रम पर चल रहे है। मध्यप्रदेश के माधवेन्द्र प्रताप के साथ ही राजस्थान के प्रणय चौरडिया, गुजरात के कर्तव्य अनादकत, म.प्र. के शिवांश तिवारी, दिशांत जैन के साथ ही अन्य प्रदेशों के सन्नी बेदी, हर्षित शर्मा, वेदांत पिम्पलखरे, अरूण कटारिया भी 5-5 अंक लेकर तीसरे क्रम पर संयुक्त रूप से चल रहे है।

### कोलकाता में होगा मैच, न्यूजीलेंड लड़ेगी अपने सम्मान की लड़ाई

# तीसरा टी-20 मैच भारत और न्यूजीलेंड के बीच आज




**कोलकता।** टीम इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टी-20 इंटरनेशनल मैच आज कोलकाता में खेला जाएगा। पिछले दोनों मैच में भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड को हार झेलनी पड़ी है। अगर टीम इंडिया ये मुकाबला अपने नाम कर लेती है तो रोहित एंड कंपनी पहली बार कीवी टीम के खिलाफ भारतीय सरजमीं पर क्लीन स्वीप करेगी। इससे पहले भारत में कभी भी टीम इंडिया न्यूजीलैंड का सूपड़ा साफ नहीं कर पाई है।

धोनी-विराट से आगे निकलेंगे रोहित

भारतीय सरजमीं पर भारत-न्यूजीलैंड के बीच ये तीसरी सीरीज खेली जा रही है। 2012 में पहली बार दोनों देशों के बीच घरेलू सीरीज खेली गई थी। उस समय एमएस धोनी टीम के कप्तान थे और कीवी टीम ने दो मैचों की सीरीज में भारत को 1-0 से हराया था। वहीं, 2017 में टीम इंडिया ने 3 मैचों की सीरीज में हीं को 2-1 से मात दी थी। भारत ने सीरीज जरूर जीती थी, लेकिन क्लीन स्वीप का मौका टीम को नहीं मिल सका था। इस बार रोहित शर्मा की लीडरशिप में टीम मैन इन ब्लू के पास न्यूजीलैंड के खिलाफ क्लीन स्वीप कर इतिहास रचने का मौका रहेगा।

बेंच को परखने का मौका

जयपुर में 5 और रांची में 7 विकेट से मिली जीत के बाद टीम इंडिया आज के मैच में बेंच स्ट्रेंथ को आजमा सकती है। आज के मैच में ऋतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, युजवेंद्र चहल और आवेश खान को मौका मिल सकता है। IPL में ऑरेंज कैप जीतने वाले ऋतुराज को ओपनिंग में केएल राहुल के स्थान पर मौका दिया जा सकता है। वहीं, चहल अक्षर या अश्विन की जगह ले सकते हैं। लगातार खेल रहे ऋषभ पंत की जगह ईशान को मौका दिया जा सकता है और दीपक चाहर या भुवनेश्वर कुमार की जगह आवेश खान मैदान पर उतर सकते हैं।

### यूजीलेंड के लिए सम्मान की लड़ाई

पहले दोनों मैचों में न्यूजीलैंड के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाजों ने काफी निराश किया। टीम के सीरीज हारने की बड़ी वजह भी मध्यक्रम का फेल होना रहा। बैटिंग में मार्टिन गुप्टिल को छोड़ जयपुर और रांची में कोई भी खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। दूसरे मैच में टीम के कई खिलाड़ियों को स्टार्ट मिला था, लेकिन कोई उनको बड़ी पारी में नहीं बदल सका। साथ ही बॉलिंग में भी टीम बिखरी-बिखरी नजर आई। आखिरी मैच में टीम हर डिपार्टमेंट में अच्छा प्रदर्शन कर सम्मान के साथ विदाई लेना चाहेगी।



*जर्मनी में एफसी ऑगसबर्ग और बेयर्न म्यूनिख के बीच एक जर्मन बुंडेसलिगा मैच के दौरान बायर्न म्यूनिख के डेओट उपमेकेनो ऑगसबर्ग के एंडी ज़ेकिरी के साथ मुकाबला करते हुए।*

## विजय शंकर बन सकता है हार्दिक पंड्या का विकल्प

**नई दिल्ली** । सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में तमिलनाडु ने हैदराबाद को 8 विकेट के करारी शिकस्त दी। तमिलनाडु के कप्तान विजय शंकर ने नाबाद 43 रनों की पारी खेलकर टीम को फाइनल में पहुंचाया। 30 साल के इस ऑलराउंडर ने मुश्ताक अली ट्रॉफी में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम हार्दिक पंड्या का विकल्प तलाश रही है। भारत बनाम न्यूजीलैंड टी20 सीरीज में पंड्या की जगह वेंकटेश अय्यर को मौका दिया गया है। अब विजय शंकर ने भी अपना दावा ठोक दिया है। बतौर ऑलराउंडर विजय शंकर वनडे वर्ल्ड कप 2019 में भारतीय टीम का हिस्सा रह चुके हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2021 में विजय शंकर ने महाराष्ट्र के खिलाफ नाबाद 42, गोवा के खिलाफ 4 रन, पंजाब के खिलाफ नाबाद 59, केरल के खिलाफ 33 और अब सेमीफाइनल में हैदराबाद के खिलाफ नाबाद 43 रन बनाए। विजय शंकर ने साल 2018 में भारत के लिए डेब्यू किया था। उन्होंने 12 वनडे और नौ टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले। वनडे में उनके नाम 243 और टी20 में 101 रन दर्ज है।

## टी20 विश्वकप के विस्फोटक श्रीलंकाई बल्लेबाज चरित असलांका को मिला टेस्ट टीम में स्थान



**नई दिल्ली** । श्रीलंका के असाधारण बल्लेबाज चरित असलांका को वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है। हाल में ही समाप्त हुए टी20 वर्ल्ड कप में असलांका ने कमाल का प्रदर्शन किया था। वहीं टी20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले वनिन्दु हसरंगा का नाम टीम में शामिल नहीं है। श्रीलंका ने वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज के लिए 22 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है। तेज गेंदबाज दुष्मांथा चमीरा की वापसी हुई है। टी20 वर्ल्ड कप में श्रीलंका की टीम हालांकि सुपर-12 से बाहर हो गई थी। लेकिन टीम के युवा बल्लेबाज चरित असलांका ने अपने प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा। टी20 वर्ल्ड कप से पहले सिर्फ तीन टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने का अनुभव था। लेकिन 24 साल के इस खिलाड़ी ने वर्ल्ड कप के 6 मैच में 231 रन बनाए। 2 अर्धशतक भी लगाया। स्ट्राइक रेट 147 का रहा।

श्रीलंका की टीममें लाहिरु थिरिमाने, निरोशन डिकवेला और दासुन शनाका को भी जगह नहीं मिली है। शनाका वनडे और टी20 टीम के कप्तान हैं। वहीं डिकवेला इस साल जुलाई में इंग्लैंड में बायो-बबल तोड़ने के चलते प्रतिबंध का सामना कर रहे हैं। मिनोद भानुका और चामिका करुणारत्ने की भी वापसी हुई जबकि इस सीरीज के लिए अनकैप्ड खिलाड़ी कामिल मिशारा, सुमिंडा लक्षन और चमिका गुणशेखर को चुना गया है। स्पिन आक्रमण की कमान लक्षण संदकन और लसिथ एम्बुलडेनिया संभालेंगे।

**श्रीलंका की टीमः** दिमुथ करुणारत्ने (कप्तान), ओशादा फर्नांडो, एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चांदीमल, धनंजय डी सिल्वा, पथुम निसांका, चरित असलांका, मिनोद भानुका, रोशेन सिल्वा, कामिल मिशारा, रमेश मेंडिस, चामिका करुणारत्ने, लक्षण संदकन, लसिथ एम्बुलडेनिया, सुमिंडा लक्षन, सुरंगा लकमल, विश्वा फर्नांडो, दुष्मंथा चामीरा, लाहिरु कुमारा, असिथा फर्नांडो, चमिका गुणशेखर।

## आईपीएल 2022 के मेगा ऑक्शन पर सबसे ज्यादा हो सकती हैं धन की बारिश

नई दिल्ली । आईपीएल 2022 में 8 की जगह 10 टीमें खेलने वाली है। इसके लिए खिलाड़ियों का मेगा ऑक्शन होने वाला है।इसके बाद भारत के दिग्गज खिलाड़ियों पर पैसों की बरसात हो सकती है।पूर्व भारतीय ओपनर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने नीलामी से पहले बड़ी भविष्यवाणी की है।चोपड़ा के मुताबिक, आईपीएल 2022 के लिए होने वाले मेगा ऑक्शन में विराट कोहली और रोहित शर्मा नहीं, बल्कि केएल राहुल पर सबसे बड़ी बोली लग सकती है।पूर्व भारतीय ओपनर ने कहा, अगर केएल राहुल ऑक्शन प्रक्रिया में जाते हैं,तब वहां आसानी से सबसे महंगे खिला?ी बनने वाले हैं, मुझे लगता है उन्हें 20 करो? से ज्यादा रकम मिल सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, केएल राहुल पंजाब किंग्स से अलग हो सकते हैं।उनके लगातार रन बनाने के बावजूद पंजाब लगातार दो सीजन से प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही।इसकारण टीम मैनेजमेंट उनकी कप्तानी से नाखुश है और नए कप्तान की तलाश कर रहा है।इस बीच, केएल राहुल को उनकी बल्लेबाजी के कारण कई टीमों ने संपर्क किया है।केएल राहुल को 2018 के मेगा ऑक्शन में पंजाब किंग्स ने 11 करोड़ रुपए में खरीदा था।पंजाब किंग्स में अपने चार वर्षों में, टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज ने 2020 में ऑरेंज कैप जीता था।उस सीजन में केएल राहुल ने 14 मैच में 670 रन बनाए थे। इस साल के आईपीएल में भी राहुल ने 13 मैच में 626 रन ठोके थे।इसी वजह से आईपीएल 2022 के लिए होने वाले मेगा ऑक्शन में केएल राहुल को मोटी कीमत मिल सकती है। दो नई फ्रेंचाइजी लखनऊ और अहमदाबाद के जुड़ने से राहुल की मोटी तनख्वाह हासिल करने की संभावना बढ़ जाती है।राहुल बल्लेबाजी के साथ टीम की कप्तानी भी कर सकते हैं।केएल राहुल ने रांची में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में भी 49 गेंदों में 65 रन बनाए थे।केएल राहुल ने रोहित शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 117 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाने में अहम किरदार निभाया था। रोहित-राहुल की बल्लेबाजी पर आकाश चोप?ा ने कहा, रोहित और राहुल, दोनों के बीच कमाल का तालमेल है।

### व्यापारन्यूज

#### शेयर बाजार साप्ताहिक समीक्षा

## शेयर बाजार में एक दिन तेजी, तीन दिन गिरावट रही



**मुंबई** । वैश्विक बाजारों में नकारात्मक रुख और विदेशी फंडों के निरंतर बहिर्वाह के बीच प्रमुख कंपनियों इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस के शेयर गिरने से सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन गुरुवार को शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार केवल चार कारोबारी सत्रों का रहा जिसमें सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को तेजी लेकिन तीन दिन बाजार में गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को गुरुनानक जयंती पर शेयर बाजार बंद रहे। बीते चार कारोबारी दिन पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख इंडेक्स सेसेंक्स 201.32अंक की बढ़त के साथ 60268.94 के स्तर पर खुला और 478 अंकों की बढ़त के साथ 60 हजार के ऊपर बंद हुआ। वहीं निफ्टी ने 43.20 अंक की मजबूती के साथ 17960.00 के स्तर पर खुला और 151 अंक की तेजी के साथ 18,068 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स पिछले कारोबारी सत्र के बंद से 45.68 अंक नीचे 60499.93 पर खुला और 112.16 अंक टूटकर 60433.45 पर बंद हुआ। निफ्टी 0.50 अंक की मामूली बढ़त के साथ 18069.00 पर खुला और 24.30 अंक फिसलकर 18844 के स्तर पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 422 अंकों की गिरावट के साथ खुला और 80.63 अंक की गिरावट के साथ 60,352.82 पर बंद हुआ। निफ्टी 96.80 अंक टूट कर 18000 के स्तर पर खुला और 27.05 अंक टूटकर 18,017.20 के स्तर पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 303.07 अंक की गिरावट के साथ 60,049.75 पर खुला और 433.13 अंक की गिरावट के साथ 59,919.69 पर बंद हुआ।

## सरकार इस वित्त वर्ष में छह और सरकारी कंपनियों को बेचेगी

**नई दिल्ली** । सरकार की इस वित्त वर्ष में छह और सरकारी कंपनियों को बेचने की योजना है। इनमें बीपीसीएल के अलावा बीईएमएल, शिपिंग कॉर्प, पवन हंस, सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक और नीलांचल इस्पात शामिल हैं। बीपीसीएल के निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। साथ ही बीईएमएपि, ?शिपिंग क्रप, पवन हंस की फाइनेंशिल बिडिंग दिसंबर-जनवरी में हो सकती है। इनके निजीकरण की प्रक्रिया भी इसी वित्त वर्ष में पूरा होने की संभावना है। निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी ने कहा ?कि देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी के बहुप्रतीक्षित आईपीओ का इंतजार भी अब खत्म होने वाला है। कंपनी का आईपीओ मौजूदा वित्त वर्ष की चौथी तिमाही जनवरी से मार्च के बीच बाजार में दस्तक दे सकता है। सरकार एलआईसी में 10 फीसदी तक हिस्सेदारी बेचने जा रही है। इससे उसे 10 लाख करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है।

# रिलायंस-अरामको की 15 अरब डॉलर की डील रद्द

**नई दिल्ली** । देश की मूल्यवान कंपनी रिलायंस के मुखिया और अरबपति करोबारी मुकेश अंबानी ने सऊदी अरब की कंपनी सऊदी अरामको को अपनी तेल रिफाइनरी और पेट्रोरसायन कारोबार में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के प्रस्तावित 15 अरब डॉलर के सौदे के पुनर्मूल्यांकन की घोषणा की है। इस घोषणा से पहले रिलायंस इंडस्ट्रीज इस सौदे को लेकर दो बार स्व-निर्धारित समयसीमा से चूक चुकी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने कहा कि दोनों कंपनियों ने भारतीय फर्म के नए ऊर्जा कारोबार में प्रवेश के मद्देनजर प्रस्तावित निवेश का पुनर्मूल्यांकन करने पर सहमति जताई है। हिस्सेदारी बिक्री के लिए बातचीत की खबर पहली बार अगस्त, 2019 में आधिकारिक तौर पर सामने आई थी। इस बीच, तीन वर्षों में रिलायंस ने वैकल्पिक ऊर्जा में 10 अरब डॉलर का निवेश करके नए ऊर्जा कारोबार में प्रवेश किया। इसके मद्देनजर इस सौदे का पुनर्मूल्यांकन किया जा रहा है। अंबानी ने अगस्त 2019 में कंपनी के शेयरधारकों की वार्षिक आम बैठक में ओ2सी व्यवसाय में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के लिए बातचीत की घोषणा की थी। उन्होंने उस समय कहा था कि सौदा मार्च 2020 तक पूरा हो जाएगा, हालांकि यह समयसीमा चूक गई। कंपनी ने कहा कि कोविड-19 महामारी के चलते लगाए गए प्रतिबंधों के कारण ऐसा हुआ। अंबानी ने इस साल भी एजीएम में कहा कि यह सौदा साल के अंत तक पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में बड़े निवेश की घोषणा भी की।

हालांकि, अरामको सौदे के लिए नई समयसीमा और नए ऊर्जा कारोबार में प्रवेश की घोषणा एक साथ की गई थी, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि जून से लेकर अब तक क्या बदलाव हुए, जिससे पुनर्मूल्यांकन की जरूरत पड़ी। रिलायंस ने ओ2सी कारोबार को कंपनी से अलग करने के लिए राष्टीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष किए गए आवेदन को भी वापस लेने का फैसला किया है। नया ऊर्जा कारोबार आरआईएल की अलग सहायक कंपनी के अधीन है। ऐसे में यह स्पष्ट नहीं है कि इससे ओ2सी कारोबार की हिस्सेदारी बिक्री के लिए बातचीत पर कैसे असर पड़ा। यह भी साफ नहीं है कि यदि अरामको अभी भी ओ2सी कारोबार में हिस्सेदारी लेना चाहती है, और सौदा भविष्य में पूरा हो सकता है, तो एनसीएलटी के समक्ष कारोबार को अलग करने के आवेदन को वापस क्यों लिया गया। यह भी साफ नहीं है कि क्या अरामको की दिलचस्पी नए ऊर्जा कारोबार में भी है, और इसलिए एक नए सौदे पर काम करने की जरूरत पड़ी।

इस बारे में कंपनी के प्रवक्ता को भेजे गए एक ईमेल का खबर लिखे जाने तक कोई जवाब नहीं आया था। आरआईएल ने शुक्रवार रात एक बयान में कहा था, 'कंपनी के व्यापार पोर्टफोलियो की विकसित होती प्रकृति के कारण रिलायंस और सऊदी अरामको ने पारस्परिक रूप से यह तय किया है कि दोनों पक्षों के लिए बदले हुए संदर्भ के मद्देनजर ओ2सी (तेल से लेकर रसायन तक) व्यवसाय में प्रस्तावित निवेश का पुनर्मूल्यांकन करना फायदेमंद होगा।' भारतीय कंपनी ने कहा कि अरामको का प्रस्तावित निवेश सिर्फ तेल

## एप्पल की इलेक्ट्रिक कार जल्द मार्केट में देगी दस्तक

**नई दिल्ली** । एप्पल कंपनी अब इलेक्ट्रिक कार बाजार में भी उतरने जा रही है। कंपनी ने अपनी कार को 2025 तक लॉन्च करने का लक्ष्य रखा है। एप्पल इंक अपनी इलेक्ट्रिक कार के विकास में तेजी लाने के लिए जोर दे रहा है। जानकारों की मानें तो, कंपनी पूर्ण सेल्फ-ड्राइविंग क्षमताओं के साथ कार को जल्द लॉन्च करने की योजना पर काम कर रही है। कंपनी का उद्देश्य तकनीकी चुनौतियों से निपटने की है।

एप्पल का प्रोजेक्ट टाइटन काफी समय से सुर्खियों में है। पिछले कई वर्षों से, एप्पल की कार टीम ने एक साथ दो रास्तों की खोज की थी- स्टीयरिंग और एक्सीलेटर पर केंद्रित सीमित सेल्फ-ड्राइविंग क्षमताओं वाला एक मॉडल बनाना, जो कई मौजूदा कारों में है या पूर्ण सेल्फ-ड्राइविंग क्षमता वाला एक संस्करण जिसमें मानव हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। एप्पल ने अपने इस नए प्रोजेक्ट टाइटन का नेतृत्व करने के लिए केविन लिंच को चुना है। बता दें कि केविन लिंच ने ही एप्पल वॉच सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट का नेतृत्व किया था। लिंच एपल कार के पहले वर्जन के लिए एक पूर्ण सेल्फ-ड्राइविंग प्रणाली वाली कार बनाने पर जोर दे रहे हैं। एपल 2025 में अपनी सेल्फ-ड्राइविंग कार के लॉन्च का लक्ष्य बना रहा है।

हालांकि, इस समयसीमा में बदलाव हो सकता है, और कंपनी तब तक पूर्ण ऑटोनॉमस क्षमताओं के बिना वाहन जारी करने का विकल्प चुन सकती है। बता दें कि इलेक्ट्रिक कार के मशहूर टेस्ला अब भारत में भी पहुंच चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, टेस्ला के इस इलेक्ट्रिक मॉडल को एक प्राइवेट खरीददार ने भारत में इंपोर्ट कराया है। वहीं, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने

## रेडिमेड कपड़ों, टेक्सटाइल और फुट वेयर पर जीएसटी दरें बढ़ी

**मुंबई** । सरकार ने रेडिमेड कपड़ों, टेक्सटाइल और फुट वेयर जैसे फिनिस्ड प्रोडक्टर पर जीएसटी दरें 5 फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसदी कर दी है जो कि जनवरी 2022 से लागू होगी। सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्स एंड कस्टम्स (सीबीआईसी) ने इस बारे में 18 नवंबर को अधिसूचना जारी कर जानकारी दी है। फैब्रिक्स पर जनवरी 2022 से जीएसटी दरें 5 फीसदी 12 फीसदी हो जाएगी। इसी तरह किसी भी मूल्य के बने बनाए कपड़े पर जीएसटी की दरें भी 12 फीसदी हो जाएगी। बता दें कि पहले 1000 रुपए से ज्यादा मूल्य के कपड़ों पर 5 फीसदी जीएसटी लगता था। इसी तरह दूसरे टेक्सटाइल पर भी जीएसटी दर 5 फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसदी कर दी गई है। इसके साथ ही किसी भी मूल्य के फुटवेयर पर लागू जीएसटी दर भी 12 फीसदी कर दी गई है।

#### तीन कंपनियों ने लिया यूजर्स के लिए फैसला

## स्मार्टफोन के लिए दिया जाएगा 100 वाट फास्ट चार्जर

**नई दिल्ली** । ओप्पो, रियलमी और वनप्लस तीनों कंपनियों ने फैसला किया है कि फास्ट चार्जिंग रेंज में लोअस्ट (न्यूनतम) स्टैंडर्ड वाला चार्जर 65 वाट का रहेगा और प्रीमियम स्मार्टफोन के लिए आमतौर पर 100 वाट फास्ट चार्जर दिया जाएगा।इसके अनुसार, अगले साल ओप्पो फाइंड सीरीज, रियलमी जीटी सीरीज और वनप्लस 10 सीरीज के तहत अगले साल लांच होने वाले सभी फ्लैगशिप स्मार्टफोन 100 वाट सुपर प्लस चार्जिंग सपोर्ट के साथ मिलेंगे।

माना जा रहा है कि इसमें बैटरी भी बड़ी होगी। हालांकि इसके लिए हैरान होने की आवश्यकता नहीं है।इसमें कोई हैरानी नहीं होनी चाहिए कि ओप्पो ने जुलाई 2020 में ही 125 वाट सुपर फ्लैश चार्जिंग टेक्नोलॉजी को अनाउंस कर दिया था। इस वक्त की ये सबसे फास्ट चार्जिंग टेक्नोलॉजी है। ये तकनीक बैटरी और चार्जर दोनों में कुछ बदलाव करके ऐसा संभव किया गया है। 125 वाट सुपर फ्लैश चार्जिंग का मतलब ये है कि मात्र 20 मिनट में पूरी बैटरी फुल हो जाएगी। सबसे पहले



ओप्पो ने 3ϐ सेल बैटरी की जगह पर 6ϐ से रिप्लेस किया। इसके साथ ही टैब सेंटर को मल्टी-टैब टेक्नोलॉजी पर अपग्रेड किया। इसकी वजह से मूवमेंट पाथ काफी छोटा हो गया और सेल्यूलर इंपेडेंस भी कम हो गया। मूवमेंट पाथ और सेल्यूटर इंपेडेंस हालांकि तकनीकी भाषा है, पर ये समझा जा सकता है कि 100 वाट फ्लैश चार्जिंग तक पहुंचने में बड़े स्तर पर तकनीक में बदलाव किया गया है।

सभी तरह की चार्जिंग तकनीक जो आज इस्तेमाल की जा रही है इन्हें पहले असुरक्षित बताया गया था। ऐसी कई अफवाहें थी। ओप्पो ने उस समय पूरी सेफ्टी अपनाई और तकनीक को विशेषज्ञों की देखरेख में सुरक्षित बनाने के प्रयास किए। बता दें ?कि ये तीनों कंपनी हमेशा से ही अपने कस्टमर्स के लिए कुछ नया करती रही हैं। यह तीनों कंपनियां बीबीके इलेक्ट्रॉनिक्स की सब्सिडियरी कंपनी हैं। इन्हीं तीनों कंपनियों ने सबसे पहले 65 वाट फास्ट चार्जिंग आम लोगों के लिए दी। अब अपने मिडरेंज स्मार्टफोंस पर भी 65 वाट फास्ट चार्जिंग दे रही है।

# सदर बाजार में हाथठेला व फुटपाथ दुकानदारों ने किया अतिक्रमण

### हॉकर्सजोन बना शोपीस, करोड़ों की सौगात खा रही धूल

भिण्ड। भिण्ड शहर में अतिक्रमण अपने पैर पसार चुका है जिसका जीता जागता उदाहारण शहर के मुख्य बाजार गोल मार्केट से लेकर सदर बाजार तक गुजरने पर आसानी से दिखा जाएगा। शहर का सदर बाजार जिसमें दुकानदारों ने अपने बाहर फुटपाथ दुकानें खुलवा रखी हैं वहीं हाथठेला वालों ने अपने ठेले लगाकर जगह घेर ली। जहां डिवाईडर का स्थान है वहां भी फुटकर दुकानदार अपना सामान रखकर धड़ल्ले से बेच रहे हैं। इस तरह सदर बाजार मुख्य बाजार न रहकर मछली बाजार और सब्जी मण्डी बाजार के रूप में प्रतीत होने लगा हैं। अगस्त माह में नगरपालिका ने हाथठेला वालों को कड़ी चेतावनी देकर सदर बाजार खाली कराकर हॉकर्सजोन में पहुंचने की चेतावनी दी थी। किन्तु स्थानीय राजनीति हावी होने की वजह से हाथठेला टस से मस न हुए और अतिक्रमण निरंतर जारी रहा। नतीजा सदर बाजार से लेकर गोलमार्केट तक गुजरने में पसीना आ जाता है। शहर बाजार अतिक्रमण से मुक्त नहीं हो पा रहा है। गत् दो माह पूर्व फुटपाथ साफ कराए जाने के लिए मुहिम भी चली लेकिन इसका विशेष प्रभाव नहीं दिखाई दिया। बाजार में न केवल फुटपाथ पर बल्कि डिवाइडर पर भी दुकानें सजी हुई दिखाई दी। कई जगह हाथ ठेला भी लगे हुए दिखाई दिए अस्त व्यस्त सदर बाजार के हालात कभी सुधरेंगे भी या नहीं यह सवाल न केवल शहरवासियों बल्कि प्रशासन के लिए विचारणीय बना हुआ है।





### बाजार बना गुमटी

शहर का सदर बाजार अतिक्रमण की चपेट में आ जाने से गुमटीनुमा हो गया है। फुटपाथ और हाथठेला दुकानदार महिलाओं को अपने चारों ओर खड़ा कर रास्ते से गुजरने तक की जगह नहीं छोड़ रहे हैं जिससे राहगीरों को निकलने में परेशानी हो रही है और प्रतिदिन राहगीरों का महिलाओं और हाथठेला वालों से मुंहवाद होता है। वहीं हाथठेला वालों के लिए करोड़ों रूपये की राशि से बना हॉकर्सजोन धूल खा रहा है।

### आरोप प्रत्यारोप भी अतिक्रमण का मुख्य कारण

तात्कालीन कलेक्टर ने हाथठेला वालों के हॉकर्सजोन में ठेला लगाने के लिए जगह दी। कुछ दिन हाथठेला वालों ने हॉकर्सजोन में अपने ठेले लगाकर दुकानें सजाई। हाथठेला वालों को शिफ्ट होते ही सदर बाजार के दुकानदारों ने अपने फुटपाथ किराये पर उठा दिए और जो सामान हाथठेला वालों द्वारा बेचा जा रहा था वह सामान फुटपाथ पर बिकने लगा जिससे हाथठेला वालों की ग्राहकी खत्म हो गई और कुछ एक ठेला बाजार में लगने से भेदभाव होने लगा जिससे आक्रोशित होकर हाथठेला वाले पुनः सदर बाजार आ गए और उन्होंने डिवाईडर के दोनों ओर कब्जा कर लिया।

### सदर बाजार में हो प्रभावी कार्यवाही

अतिक्रमण हटाए जाने के लिए सदर बाजार में प्रभावी कार्यवाही की जानी चाहिए। सदर बाजार में लगे हाथठेला वालों और फुटपाथ दुकानदारों के बीच बैठक लेकर रास्ता निकाला जाए जिससे हाथठेला वालों व फुटपाथ दुकानदारों को परेशानी न हो। इसके लिए नगरपालिका की टीम बनाकर सतत रूप से निगरानी एवं कार्यवाही की प्रक्रिया शुरू होना चाहिए।

### इनका कहना है:


सदर बाजार में फुटपाथ दुकानदार एवं हाथठेला वालों के बीच सामांजस्य बैठाना जरूरी है। दोनों को निर्देश दे दिए जायेंगे कि बाजार में ठेले पर बिकने वाला सामान फुटपाथ पर नहीं बिकेगा, निर्देश देकर उन्हें हॉकर्सजोन में जल्द ही शिफ्ट कर दिया जाएगा।

**सुरेन्द्र शर्मा,**
**मुख्यनगरपालिका अधिकारी भिण्ड**

# चित्रकला प्रतियोगिता में भिण्ड के नवीन प्रदेश में प्रथम

भिण्ड। प्रदेश की राजधानी भोपाल में सीआरओ भोपाल द्वारा गत दिवस आयोजित पेंटिंग एवं चित्रकला प्रतियोगिता में बाल अधिकार मंच भिण्ड की ओर से कक्षा 12वीं के छात्र नवीन जयंत ने भागीदारी की।

प्रतियोगिता के परिणाम आए तो भिण्ड का प्रतिनिधित्व करने वाले नवीन जयंत ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा छात्र नवीन को सम्मानित किया गया।



छात्र नवीन की इस उपलब्धि पर बाल अधिकार मंच भिण्ड के जिला समन्वयक पहलवान सिंह भदौरिया विनोद कुमार, पंकज सिंह, अतराज सिंह, रवि, राकेश सिंह सहित मंच के अनेक कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# एक दर्जन से अधिक वृद्धजनों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

भिण्ड। पीड़ित मानवता की सेवा करना ही सच्ची समाज सेवा है और जरूरतमंदों की सहायता से बड़ा कोई धर्म नहीं है उक्त बात स्थानीय निराश्रित भवन में हम फाउंडेशन शाखा भिंड द्वारा आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण में हर्बल लाइफ न्यूट्रिशन के वैलनेस कोच अरविंद पावक ने कही। स्वास्थ्य परीक्षण में एक दर्जन अधिक वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें योगा करने की सलाह दी गई। इस मौके पर हम फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. इकबाल अली, प्रांतीय महासचिव नितिन दीक्षित, शाखा अध्यक्ष शैलेश सक्सेना, उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, विकाश कुशवाह, शिवम जैन उपस्थित थे।

इस अवसर पर हम फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफेसर इकबाल अली ने कहा कि हमें अपनी मानव जीवन में अपने तक सीमित नहीं रह कर दूसरे लोगों की मदद करने के लिए आगे आना चाहिए। इसी क्रम में प्रांतीय महासचिव नितिन दीक्षित ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की सेवा के लिए समाज के लोगों को आगे आना चाहिए सेवा कार्य से




सामाजिक एकता, भाईचारा में बढ़ोतरी होती है। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष शैलेश सक्सेना ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं होती इस दौर से सभी को गुजरना है। परिवार के सदस्यों को बुजुर्गों वक्त देना चाहिए।

### इन लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

निराश्रित भवन में रविवार 21 नबंबर को हम फाउंडेशन शाखा भिण्ड द्वारा आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण में अरविंद पावक द्वारा निराश्रित भवन में उपस्थित श्रीमती मुन्नी बाई, रामसनेही, अरविंद श्रीवास्तव, करन सिंह, हरदयाल, साधु सिंह, राजेंद्र रावत, पूरन, बुद्धे सिंह, जयश्री,श्रीमती ललिता, श्रीमती बिटोलीबाई, सहित एक दर्जन से अधिक वृद्धजनों का मशीन द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

वस्त्र वितरण भी किए। बढ़ती हुई सर्दी के प्रकोप को देखते हुए नए रेलवे स्टेशन के पास ईटभट्टो पर कार्य करने वाले लोगों के बीच पहुंचकर हम फाउंडेशन शाखा भिंड के सदस्यों ने वहां उपस्थित छोटे-छोटे बच्चों महिलाओं व पुरुषों को गर्म वस्त्र वितरित किए। इस अवसर पर हम फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफेसर इकबाल अली, प्रांतीय महासचिव नितिन दिक्षित,शाखा अध्यक्ष शैलेश सक्सेना, उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, शिवम जैन, विकास कुशवाहा आदि उपस्थित

# स्वच्छता सर्वेक्षण में भिण्ड नगर पालिका के निचले स्थान पर आने से डॉ. गोविन्द सिंह ने जताया असंतोष

### कलेक्टर को पत्र लिख कर गहन आत्म मंथन कर जिले के विकास के बारे में विचार करने को कहा

भिण्ड।

स्वच्छता सर्वेक्षण में भिण्ड नगर पालिका सबसे निचले स्थान पर आने पर पूर्वमंत्री एवं लहार विधायक डॉ. गोविन्द सिंह ने भिण्ड कलेक्टर को लिख पत्र में उनके कार्य के प्रति असंतोष जताया है।



पूर्व मंत्री डॉ. गोविन्द सिंह ने जिलाधीश को लिखे पत्र में व्यक्त किया है कि भोपाल में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर आपके कार्यों की प्रशंसा भोपाल के राजनैतिक व्यक्तियों सहित आम जनता करती थी। मुझे उम्मीद थी कि आप भिण्ड जिलाधीश के कार्यकाल के समय भिण्ड को विकास के उत्तम स्थान पर ले जाएंगे। परंतु आपके प्रशासक रहते हुए भिण्ड नगर पालिका ने मप्र में सबसे निम्न स्थान प्राप्त कररने पर आम जनता को निराशा हुई है। आपसे अनेक बार अनुरोध के बाद भी लहार लगर पालिका के विकास में आपके द्वारा की गई उपेक्षा के बावजूद भी नगर पालिका लहार ने भारतध्जोन में 73वां स्थान, मप्र में 11वां स्थान तथा ग्वालियर चंबल संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का मान ब?ाया है। डॉ. गोविन्द सिंह कलेक्टर से उम्मीद जताई है कि वे इस विषय पर गहन आत्म मंथन कर जिले के विकास के बारे में विचार करेंगे।

# खुले हुए नाले में गिरकर जान गवा रही हैं गौमाता, फैक्ट्री प्रबंधन नहीं दे रहा ध्यान

भिण्ड। औद्योगिक क्षेत्र में एकेवीएन मार्केट से कैडबरी के सामने नहर तक नाला खुला हुआ पड़ा है और इस नाले में काफी गहराई भी है खुला हुआ नाला होने से आए दिन गाय आदि जानवर गिरकर दम तोड़ देते हैं कई बार कई पशुओं के साथ खुले नाले में गिर जाने से घटनाएं घटित हो चुकी हैं तब भी स्थानीय नगर पंचायत प्रशासन और फैक्टरी प्रबंधन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है कैडबरी फैक्ट्री और मंदिर हनुमान के बीच में तेज घूम के चलते आए दिन मोटरसाइकिल आदि वाहन चालक भी कई बार चोटिल हो चुके हैं यहां से गुजरने वाले राहगीरों ने कई बार स्थानीय नगर पंचायत एवं स्थानीय प्रशासन से इस नाले को बंद कराने की मांग की है खुमान का पुरा निवासी राजेंद्र गौड़ कहते हैं कि यहां पर आए दिन हादसे होते रहते हैं मगर कोई



ध्यान नहीं दे रहा है स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि फैक्ट्री प्रबंधन को चाहिए कि फैक्ट्री के सामने खुले हुए नाले को ऊपर से बंद करा कर इस समस्या से लोगों को निजात दे।

### इनका कहना है:

खुले हुए नाले की जानकारी लेते हैं और उसको बंद कराने के लिए कार्यवाही करते हैं।

**रामप्रकाश जगनेरिया**
**मुख्य नगर पंचायत**
**अधिकारी**
**मालनपुर**




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478